


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 336

ग्वालियर, शुक्रवार 26 अगस्त 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## मेरे बयानों को गलत तरीके के पेश करने वालों के खिलाफ ले सकता हूं कानूनी एक्शन : गडकरी



**नई दिल्ली।** ऐसा लगता है, बयानों के आधार पर बनती पार्टी विरोधी छवि को देखकर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी चौकन्ने हो चुके हैं। शुक्रवार दोपहर को उन्होंने कुछ ट्वीट किए, जिनका लब्बोलुआब कुछ ऐसा ही निकल रहा है। इन ट्वीट में गडकरी ने आरोप लगाया कि उनके कुछ बयानों को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। गडकरी सोशल मीडिया के साथ-साथ मीडिया पर भी खूब बरसे। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही गडकरी को भाजपा के संसदीय दल से हटा दिया गया था। इसके बाद आशंकाएं जाहिर की जा रही हैं कि मुखर होने का खामियाजा गडकरी को पद गंवाकर उठाना पड़ा है। वहीं मंगलवार को एक बुक लांच में गडकरी का बयान फिर से चर्चा में आ गया था। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट करके यह बातें कही हैं। गडकरी ने अपने ट्वीट में लिखा कि हालांकि मैं फ्रिंज एलीमेंट्स के दूषित एजेंडों से कभी परेशान नहीं हुआ। लेकिन अगर यह सब बंद नहीं हुआ है मैं इसतरह के लोगों को कानून के दरवाजे तक ले जाने में बिल्कुल पीछे नहीं हटूंगा। अपनी सरकार, पार्टी और पार्टी के लाखों मेहनती कार्यकर्ताओं की खातिर मुझे ऐसा करना ही होगा। गडकरी ने कहा, कुछ लोगों ने राजनीतिक फायदे के लिए आज फिर मेरे खिलाफ जघन्य और फैब्रिकेटेड कैंपेन चलाने की कोशिश की है। इसमें मुख्य मीडिया का एक तबका, सोशल मीडिया और कुछ लोग शामिल हैं, जो मेरे सार्वजनिक बयानों को गलत संदर्भ में पेश कर रहे हैं।

## सोनाली के शरीर पर जबरन हुए थे कई वार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

**पणजी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और टिकटॉक स्टार सोनाली फोगाट की ऑटोप्सी (पोस्टमॉर्टम) रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है।



सोनाली की पीएम रिपोर्ट में 'शरीर पर किसी कुंद वस्तु से जबरन कई बार वार करने' का उल्लेख है। एक अधिकारी ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। गोवा पुलिस ने फोगाट की पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के तुरंत बाद उनके दो सहयोगियों के खिलाफ गुरुवार को हत्या का आरोप दर्ज किया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 42 वर्षीय फोगाट की मौत से जुड़े मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) को जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि मामले में सुधीर सांगवान और सुखविंदर वासी को आरोपी बनाया गया है। फोगाट 22 अगस्त को जब गोवा पहुंची थीं, तब सांगवान और वासी उनके साथ थे।

वर्ष 2001 में भूकंप के दौरान मलबे में समा गई थीं 185 बच्चों की ज़िंदगियाँ

# पीएम मोदी 28 अगस्त को कच्छ के अंजार में 'वीर बालक स्मारक' का लोकार्पण करेंगे



**गांधीनगर।** 26 जनवरी, 2001 के दिन एक ओर गुजरात सहित पूरा देश गणतंत्र दिवस मना रहा था7 दूसरी ओर गुजरात के कच्छ समेत गुजरात में विनाशक भूकंप ने गणतंत्र दिवस की खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया था। कच्छ के अंजार में तो एक स्कूल में 185 बच्चों 205 लोगों की मौत हो गई थी7 यह घटना उस समय हुई जब गणतंत्र दिवस के अवसर पर हाथों में तिरंगा लिए एक रैली में शामिल होने जा रहे अंजार के 185 स्कूली बच्चे और 20 शिक्षक भूकंप के चलते धराशायी हुई इमारतों के मलबे में दब गए थे। इस घटना से समूची दुनिया स्तब्ध रह गई थी। गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इन बच्चों की स्मृति में एक स्मारक बनाने की घोषणा की थी। अब यह स्मारक अंजार शहर के बाहरी क्षेत्र में बनकर तैयार हो गया है और 28 अगस्त, 2022 रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका लोकार्पण करने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में इस स्मारक के निर्माण कार्य को अंतिम रूप दिया गया है। दिवंगत बच्चों के परिवार के 100 सदस्यों को स्मारक के लोकार्पण अवसर पर उपस्थित रहने का आमंत्रण दिया गया है। दिवंगत बच्चों को समर्पित इस म्यूज़ियम को पाँच विभागों में बनाया गया है। पहले विभाग में दिवंगत बच्चों की तसवीरों और अतीत के स्मरणों को प्रस्तुत किया गया है। उसके बाद विनाश विभाग में दर्शाये गए मलबे में मृत बच्चों के स्मृति चिह्न और उनकी प्रतिकृतियाँ प्रस्तुत की गई हैं। यहाँ से आगे जाने पर भूकंप का अनुभव कराने वाले एक विशेष कक्ष का निर्माण किया गया है। यहाँ सिम्युलेटर तथा पर्दे पर वीडियो के साथ भूकंप की अनुभूति कराई जाएगी। इसके अलावाज्ञान-विज्ञान विभाग में भूकंप आने की प्रक्रिया, उसके वैज्ञानिक कारणों और अन्य आवश्यक जानकारियों का समावेश किया गया है। समापन गैलरी में आगंतुकों से भूकंप के अनुभवों के बारे में सवाल पूछे गए हैं। म्यूज़ियम के बाहर मेमोरियल बनाया गया है। यहाँ भूकंप का शिकार बने मासूम बच्चों और शिक्षकों के नाम उनकी तसवीरों के साथ दीवार पर लिखे गए हैं। उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यहाँ एक शक्तिशाली प्रकाशपुंज बनाया गया है, जिससे निकलने वाला प्रकाश पूरे अंजार शहर में दिखाई देगा।

## मोदी सरकार की अहम पहल, 4.80 लाख ट्रांसजेंडरों को मिलेगा आयुष्मान भारत योजना का लाभ

**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने एक बड़ा फैसला लेकर ट्रांसजेंडरों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने का ऐलान किया है। नेशनल हेल्थ अथॉरिटी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के बीच इस लेकर समझौता हुआ। इससे देश के लाखों पंजीकृत ट्रांसजेंडरों को लाभ होगा। इसके बाद ट्रांसजेंडरों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना के तहत 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध होगा। समझौते के तहत ट्रांसजेंडरों के स्वास्थ्य बीमा पर होने वाले खर्च की राशि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय वहन करेगा। ये एमओयू केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया की मौजूदगी में साइन किया गया। इस मौके पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव आर. सुब्रह्मण्यम और राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के कार्यकारी अधिकारी आर.एस. शर्मा ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।



# यूपी के लखनऊ-वाराणसी समेत 20 जिलों में भारी बारिश की आशंका, येलो अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** इस बार इंद्रदेव देश पर खासे मेहरबान दिख रहे हैं कई सूबों में तो मूसलाधार के चलते बाढ़ जैसे हालत बन गए है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने आज भी कई राज्यों में भारी बरसात का अलर्ट जारी किया है। आज झारखंड, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र आदि राज्यों में बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में आज का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहेगा, जबकि अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में गुरुवार को भी बादल छाए रहेंगे। हल्की बरसात होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति छह से 12 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रहने की संभावना है।



मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश, झारखंड के कुछ हिस्सों, पश्चिम बंगाल और ओडिशा में आज तेज हवाओं के चलने के साथ ही बिजली चमकने और भारी बारिश के अनुमान जताए हैं। बताया जा रहा है कि पहाड़ी राज्यों जम्मू कश्मीर के कुछ हिस्सों, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने गुरुवार को यूपी के लखनऊ-वाराणसी समेत 20 जिलों में येलो अलर्ट है। यानी यहां हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे यूपी के लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर, आजमगढ़, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, चंदौली, गाजीपुर, बलिया, मऊ, बस्ती, संतकबीरनगर, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, गोंडा, अयोध्या, बाराबंकी, बहराइच, लखीमपुर खीरी जिले में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। गुरुवार को इन जिलों में मामूली बारिश हो सकती है। इस दौरान 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है।



## पेगासस मामला: कांग्रेस के झूठ की खेती ज्यादा दिनों तक नहीं चली : भाजपा

**नई दिल्ली।** पेगासस जासूसी मामले को लेकर गुरुवार सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा है, कि 29 में से 5 फोन में मालवेयर मिले हैं, लेकिन किसी में भी जासूसी के सुबूत नहीं है। इसके बाद भाजपा कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस पर जबरदस्त तरीके से पलटवार किया है। प्रसाद ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने झूठा प्रचार किया है। उन्होंने कहा कि झूठ की खेती ज्यादा दिनों तक नहीं चली। कांग्रेस ने मामले को लेकर संसद नहीं चलने दिया था। राहुल गांधी ने इस लेकर झूठ बोला था। प्रसाद ने कहा कि हाई-प्रोफाइल तकनीकी समिति, जिसमें प्रख्यात प्रौद्योगिकी के लोग शामिल थे, ने परीक्षण किया और 29 मोबाइलों में से किसी में भी पेगासस वायरस नहीं पाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने कहा था- पेगासस लोकतंत्र को कुचलने का एक प्रयास है। यह देश और देश की संस्थाओं पर हमला है। भाजपा नेता ने कहा कि यह एक प्रेरित अभियान था और सच्चाई से बहुत दूर था। यह मोदी जी को कमजोर करने और बदनाम करने का प्रयास था। राहुल गांधी और उनकी पार्टी की समस्या यह है कि उन्हें हमारे पीएम और उनकी सरकार से दुश्मनी है। इसकारण वे अपनी पार्टी का विस्तार करने के लिए झूठ का सहारा लेते हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को पेगासस मामले को लेकर सुनवाई हुई।

बिल्किस बानो केस में दोषियों की रिहाई पर

# सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र और गुजरात सरकार से मांगा जवाब

**अहमदबाद।** सुप्रीम कोर्ट ने बिल्किस बानो केस में 11 दोषियों को रिहा करने पर केन्द्र और गुजरात सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है7 सामाजिक कार्यकर्ता सुभाषिनी अली, रूपरेखा वर्मा और रेवती लाल इस मामले में 11 दोषियों को रिहा करने के गुजरात सरकार के देश को रद्द करने की सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी7 याचिकाकर्ताओं का कहना है कि बिल्किस बानो केस की जांच सीबीआई ने की थी, इसलिए गुजरात सरकार दोषियों को रिहा करने का एकतरफा फैसला नहीं कर सकती7 क्रिमिनल प्रोसिजर कोड के सेक्शन के तहत 435 के अंतर्गत राज्य सरकार के लिए केन्द्रीय गृह मंत्रालय से सलाह लेना जरूरी है7 याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गोधरा दंगों के दौरान 14 लोगों की हत्या और महिलाओं के सामूहिक बलात्कार के



लिए दोषी ठहराए गए 11 लोगों को सजा में छूट देने पर गुजरात सरकार और केंद्र को नोटिस जारी किया है7 इससे पहले गुजरात सरकार ने कहा था कि गुजरात में 2002 के दंगों के बिलकिस बानो मामले में उम्रकैद की सजा पाने वाले सभी 11 दोषियों को 2008 में दोषी ठहराए जाने के समय गुजरात में प्रचलित माफी नीति के तहत रिहा किया गया है। गुजरात सरकार के गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी 16 अगस्त को दी थी7 उन्होंने मामले में केंद्र सरकार के दिशानिर्देशों के उल्लंघन के दावों को खारिज कर दिया था7 बता दें कि इस साल जून में केंद्र सरकार ने आजादी का अमृत महोत्सव के जश्न के मद्देनजर कैदियों की रिहाई से संबंधित विशेष दिशा निर्देश राज्यों को जारी किए थे7 हालांकि इसमें बलात्कार के दोषियों के लिए समय पूर्व रिहाई की व्यवस्था नहीं थी7 बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले के दोषी सभी 11 लोगों को गुजरात की भाजपा सरकार ने माफी नीति के तहत सजा माफी दे दी थी।

## प्रियंका गांधी बोली- गुजरात दंगों की पीड़िता बिल्कीस बानो को न्याय दो



**नई दिल्ली।** कांग्रेसनेत्री प्रियंका गांधी वॉड्रा ने गुरुवार को गुजरात दंगों की पीड़िता बिल्कीस बानो के लिए न्याय की गुहार लगाई और कहा कि 2002 के सामूहिक दुष्कर्म व उनके परिवार के सात लोगों की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए 11 लोगों की रिहाई पर सरकार ने चुप्पी साधकर अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। गुजरात सरकार की माफी नीति के तहत पिछले दिनों 15 अगस्त को गोधरा उप कारागार से इस मामले के 11 दोषियों को रिहा किया गया था। प्रियंका ने एक ट्वीट में कहा, 'बलात्कार की सजा पा चुके 11 लोगों की रिहाई, कैमरे पर उनके स्वागत-समर्थन में बयानबाजी पर चुप्पी साधकर सरकार ने अपनी लकीर खींच दी है।' उन्होंने कहा, 'लेकिन देश की महिलाओं को संविधान से आस है। संविधान अंतिम पंक्ति में खड़ी महिला को भी न्याय के लिए संघर्ष का साहस देता है। बिल्किस बानो को न्याय दो।' कांग्रेस नेता का यह बयान ऐसे समय में आया है जब इन 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ एक याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हो रही है। उच्चतम न्यायालय ने दोषियों की रिहाई को चुनौती देने वाली याचिका पर गुजरात सरकार और केंद्र को नोटिस जारी किया।

## दूसरे दलों से विधायकों को चुराना भाजपा पार्टी का एकमात्र लक्ष्य : उद्धव ठाकरे

**मुंबई।** शिवसेना को एकनाथ शिंदे सहित 40 विधायकों और 12 सांसदों के बगावत के झटके से अभी उबरना बाकी है। सियासी गलियारों में इसकी चर्चा चल रही है कि शिवसेना में सेंधमारी का सिलसिला थम नहीं रहा है। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे पार्टी को बचाने के लिए एक के बाद एक बैठक कर रहे हैं, वहीं उनके सुपुत्र आदित्य ठाकरे काफी सक्रिय हो गए हैं। इसमें उद्धव ठाकरे ने शिंदे समूह के साथ फिर बीजेपी पर जोरदार हमला बोला है। उद्धव ठाकरे ने आलोचना की है कि बीजेपी का एक सूत्री कार्यक्रम दूसरे के विधायक-खासदार को चुराना है। दोनों पार्टियों के नेता एक-दूसरे को लताड़ने का कोई मौका नहीं छोड़ते। शिंदे की बगावत के बाद उद्धव ठाकरे बीजेपी के खिलाफ और आक्रामक होते दिख रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दुनिया का पहला मामला, एक साथ हो गया मंकीपॉक्स, कोविड19 और एचआईवी संक्रमण

**लंदन।** यह सुनकार आप हैरान हो सकते हैं, कि इटली का एक शख्स एक ह समय में कोविड-19, मंकीपॉक्स और एचआईवी, तीनों से ही संक्रमित मिला हैं। गले में खराश, सिरदर्द, थकावट, बुखार और जलन की शिकायत के बाद टेस्ट में यह बात सामने आई। यह दुनिया का पहले ज्ञात मामला है, जब कोई शख्स इन तीनों बीमारियों से एक साथ संक्रमित पाया गया हो। रिपोर्ट में शख्स का नाम नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, वह शख्स 5 दिनों के ट्रिप पर स्पेन गया था और वहां से लौटने के 9 दिनों बाद उसमें ये सारे लक्षण दिखने लगे। लक्षणों के तीसरे दिन शख्स के कोविड 19 से संक्रमित होने की पुष्टि हो गई। उसके चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों में चकत्ते के बाद दाने भी आ गए। घबराकर वह शख्स अस्पताल के इमर्जेंसी डिपार्टमेंट में पहुंचा और उस संक्रमण रोग विभाग में रेफर कर दिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, संक्रमित शख्स के शरीर के अन्य भागों के साथ-साथ मलद्वार वाले हिस्से में भी घाव हो गए थे। फिर टेस्ट रिपोर्ट में मंकीपॉक्स और एचआईवी संक्रमण की पुष्टि हो गई है।

### राजू श्रीवास्तव की हालात में सुधर, परिवार ने कहा होश आया, डॉक्टरों ने कहा नहीं

**मुंबई।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव के प्रशंसकों के लिए गुड न्यूज सामने आई है। राजू श्रीवास्तव की तबीयत में पहले से सुधार है। राजू के शरीर में गुरुवार सुबह हरकत हुई है और उनके परिवार का कहना है कि उन्हें होश आया है, जबकि डॉक्टर्स का कहना है कि उन्हें होश नहीं आया है। 10 अगस्त को राजू को दिल का दौरा पड़ा था और उसके बाद से ही वहां दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती थी। राजू श्रीवास्तव करीब 15 दिन से बेहोश थे और उनकी हालत नाजुक बनी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक उनके स्वास्थ्य में पहले से सुधार है। रिपोर्ट के मुताबिक राजू को होश आ गया है। रिपोर्ट के मुताबिक राजू श्रीवास्तव के पर्सनल सेक्रेट्री गर्वित नारंग ने बताया कि कॉमेडियन को 15 दिन बाद होश आया है, और डॉक्टर्स उनके स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं उनके तबीयत में भी सुधार है। वहीं दूसरी ओर हमारे दिल्ली ब्यूरो के मुताबिक राजू श्रीवास्तव अभी वेंटिलेटर पर ही हैं, होश नहीं आया है। लेकिन बीपी आदि स्टेबल है और शरीर में थोड़ा मूवमेंट हुआ है। इसके साथ ही परिवार का कहना है कि होश आया गया है लेकिन डॉक्टर कह रहे हैं कि नहीं आया है।

### केंद्रीय टीम हिमाचल में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगी, गृह मंत्रालय ने दिया आदेश

**शिमला।** हिमाचल के राजस्व और आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश में 258 लोगों की मौत हुई है। केंद्र ने अगले महीने राज्य का दौरा करने के लिए गृह मंत्रालय की टीम का गठन किया है, जो बारिश से हुए नुकसान का जायजा लेगी। इस मानसून सीजन में राज्य में भारी बारिश, भूस्खलन और बादल फटने की कई घटनाएं हुई हैं, जिसमें 258 लोगों की जान चली गई है और 10 लोग अभी भी लापता हैं। राज्य सरकार के अनुसार, 270 मवेशी मारे गए और 1,658 आवासीय घर, दुकानें और अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। राष्ट्रीय राजमार्गों, ग्रामीण सड़कों, पेयजल योजनाओं और बिजली परियोजनाओं को भी भारी नुकसान हुआ है। राज्य में अब तक 1367.33 करोड़ रुपये के नुकसान का आकलन किया जा चुका है और आकलन की प्रक्रिया जारी है। संयुक्त सचिव सुनील कुमार बरनवाल के नेतृत्व में केंद्रीय टीम सितंबर के पहले सप्ताह में राज्य का दौरा करेगी। पहले के मौकों पर केंद्रीय टीम मानसून खत्म होने के बाद ही राज्य का दौरा करती थी।

### पबजी गेम खेलते-खेलते हुआ प्यार, नैनीताल जाकर की शादी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के रायसेन से एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक लड़की को पबजी गेम खेलते-खेलते प्यार हो गया और उसने लड़के के साथ शादी कर ली। लड़की नैनीताल में पढ़ाई करती थी, लड़का रायसेन के पटेल नगर का रहने वाला है। खबर सामने तब आई जब शीतल के माता-पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखवा दी। शीतल और योगेश की दोस्ती करीब ढाई साल पहले पब्जी गेम के जरिए हुई थी, दोनों में दोस्ती बढ़ी तो नंबर एक्सचेंज हुए और फिर दोनों की बातचीत व्हॉटसेप में हुई और प्यार हो गया। दोनों ने एक-दूसरे को वीडियो कॉल में पहली बार देखा था और योगेश शीतल से केवल एक बार ही मिला था जिसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला कर लिया। 1 महीने पहले ही दोनों ने शादी की और साथ रहने लगे। शीतल नैनीताल में बीएससी की पढ़ाई कर रही थी। नैनीताल पुलिस जब रायसेन पहुंची, तब योगेश और शीतल को थाने बुलाया गया जहां दोनों के बयान लिए गए। नैनीताल पुलिस लड़की को अपने साथ ले जाना चाहती थी लेकिन उसने अपने घर जाने से इनकार कर दिया और कहा कि वह अपने पति के साथ ही रहना चाहती है और वह बालिग है। लड़की ने कहा कि उसने अपनी मर्जी से शादी की है। किसी का इसमें दबाव नहीं था। इस बात से नैनीताल पुलिस राजी हो गई और शीतल को अपने साथ नहीं ले गई।

## न्यूज़ ट्रैक....

### पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने जेरेमी और अचिंता में होगी टक्कर

**नई दिल्ली** । 2024 पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने के लिए राष्ट्रमण्डल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता वेटलिफ्टर जेरेमी लालरिनुंगा और अचिंता शेयुली के बीच मुकाबला होगा। ओलंपिक में 73 किग्रा के एकमात्र स्थान के लिए इन दोनो के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। लालरिनुंगा का नाम 67 किग्रा वर्ग भार वर्ग में 2024 खेलों की सूची के लिए शामिल नहीं है। वहीं अंतरराष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने पेरिस ओलंपिक से 67 किग्रा वजन वर्ग को हटा दिया है जिसके कारण जेरेमी को अब अपना वजन बढ़ाकर 73 किग्रा वजन वर्ग में ही उतरना होगा। इसके बाद भी उनकी राह आसान नहीं रहेगी क्योंकि शेयुली 73 किग्रा वजन वर्ग में भारत की ओर से उतरते हैं। ऐसे में अब इस एक स्थान के लिए इन दोनो में टक्कर है क्योंकि एक वजन वर्ग में प्रत्येक देश से एक ही वेटलिफ्टर को अनुमति दी जा सकती है। जेरेमी इस समय साढ़े तीन सप्ताह के लिए अमेरिका के सेंट लुई में 'स्ट्रेंथ एवं कंडिशनिंग ट्रेनिंग' शिविर में हैं। उन्होंने कहा, ''मैं अपना वजन 73 किग्रा तक बढ़ाऊंगा।'' उन्होंने कहा, ''मेरा सामान्य वजन 65 किग्रा है। इसलिए अपने शरीर का वजन बढ़ाना मुश्किल होगा।'' हालांकि यह पहली बार नहीं है जब जेरेमी को वजन बढ़ाना पड़ेगा।

### सानिया ने अमेरिकी ओपन से नाम वापस लिया

**हैदराबाद** । भारतीय महिला टेनिस स्टार सानिया मिर्जा चोटिल होने के कारण अमेरिकी ओपन टेनिस में नहीं खेलेंगी। सानिया को हाल में कनाडा में खेले टोरंटो अपने में यह चोट लगी थी। सानिया वैसे भी पिछले काफी समय से केवल युगल मुकाबलों में ही भाग ले रही हैं। सानिया के नाम वापस लेने से उनके संन्यास की अटकलें फिर तेज हो गयी हैं। वैसे भी इस खिलाड़ी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनके करियर का अंतिम साल है। सानिया ने सोशल मीडिया पर लिखा कि इस महीने टोरंटो में खेलने के दौरान उन्हें चोट लग गयी थी। उन्होंने लिखा, 'नमस्कार दोस्तों, एक नयी खबर। मेरे पास बहुत अच्छी सूचना नहीं है। दो सप्ताह पहले कनाडा में मेरी कोहनी में चोट लग गयी थी। तब मैंने इसे गंभीरता से नहीं लिया था पर कल जब मेरा स्कैन हुआ तो पता चला कि यह गंभीर चोट है। इसलिए मुझे कुछ सप्ताह के लिए खेल से दूर रहना होगा और इसी कारण मैं अमेरिकी ओपन से हट गई हूं। अमेरिकी ओपन 29 अगस्त से 11 सितंबर तक खेला जाएगा। सानिया ने इससे पहले कहा था कि 2022 के सत्र के अंत में वह खेल को अलविदा कहेंगी हालांकि उनका यह फैसला बदल भी सकता है।

### श्रीकांत विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में हारे

**टोक्यो** । भारत के किदाम्बी श्रीकांत विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। श्रीकांत को पुरुष एकल के दूसरे दौर में चीन के झाओ जुन पेंग ने 21-18, 21-17 से हराया। यह मुकाबला आधे घंटे से अधिक समय तक चला। इस मुकाबले में श्रीकांत बिल्कुल भी लय में नहीं दिखे। इस मुकाबले के पहले ही गेम में झाओ ने 12 मिनट में जीत हासिल कर ली। वहीं दूसरे गेम में वह 16-14 से आगे थे पर इसके बाद सहज गलतियों के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा। वहीं इससे पहले भारत के ही एम आर अर्जुन और ध्रुव कपिला पुरुष युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए पर महिला वर्ग में अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी हार के साथ ही बाहर हो गयी। अर्जुन और कपिला की गैर वरीय जोड़ी ने डेनमार्क के आठवीं वरीयता प्राप्त किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन को 21-17, 21-16 से हराया।




फुटबॉल

ब्रिटेन में टेनमेरे रोवर्स व न्यूकास्टल यूनाईटेड के बीच मैच में खेलते हुए फुटबॉलर। वहीं मैच के दौरान प्रफुल्लित मुद्रा में दर्शक खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए।

## पाक ने एशिया कप में टैट की सहायता के लिए एक और गेंदबाजी कोच भेजा

नई दिल्ली । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एशिया कप के लिए एक और गेंदबाजी कोच को यूएई भेजा है। पीसीबी ने कोच शॉन टैट की सहायता के लिए टीम के मुख्य गेंदबाजी कोच सकलैन मुश्ताक की सिफारिश के बाद कोच उमर राशिद को पाक टीम से जुड़ने के लिए भेजा है। राशिद इस दौरे में तेज गेंदबाज मोहम्मद हसनैन की सहायता करेंगे। हसनैन को तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी के टीम से बाहर होने के कारण भेजा गया है। पीसीबी ने कहा, ''राशिद इस दौरे में हसनैन के गेंदबाजी एक्शन पर नजर रखेंगे क्योंकि उन्हीं के मार्गदर्शन में हसनैन का एक्शन सही हुआ है। इस साल के शुरू में हसनैन के गेंदबाजी एक्शन पर सवाल उठे थे। हसनैन ने पाक की ओर से 18 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भाग लिया है। उनके नाम 17 विकेट हैं। हसनैन को दो दिन पहले ही पाक टीम में जगह मिली है। वह यूएई जाने से पहले इंग्लैंड में ओवल की तरफ से 'द हंड्रेड टूर्नामेंट' खेल रहे थे। एशिया कप 2022 के लिए पाक टीम- बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान (उप कप्तान), आसिफ अली, फखर जमान, हैदर अली, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद नवाज, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, शहनवाज धानी, उस्मान कादिर और मोहम्मद हसनैन।

## हांगकांग ने एशिया कप के लिए किया क्वालीफाई, ग्रुप ए में छठी टीम बनी

**नई दिल्ली** । हांगकांग ने एशिया कप क्रिकेट 2022 के मुख्य मुकाबलों के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इसी के साथ ही हांगकांग की टीम एशिया कप में भाग लेने वाली छठी टीम बनी है। हांगकांग ने यहां हुए क्वालीफाइंग मुकाबले में यूएई को 8 विकेट से हरा दिया। यह एशिया कप क्वालीफायर्स में उसकी लगातार तीसरी जीत हैं और इससे वह छह अंक हासिल कर शीर्ष पर रही जबकि कुवैत की टीम दो मैच जीतकर चार अंक के साथ दूसरे व यूएई एक मैच जीतकर दो अंक के साथ ही अंतिम स्थान पर रही। इसी के साथ ही ग्रुए ए की तस्वीर साफ हो गयी है। अब हांगकांग ग्रुप ए में भारत और पाकिस्तान से खेलेगी। वहीं ग्रुप बी में श्रीलंका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश की टीमें शामिल की गयी हैं। हांगकांग की टीम का पहला मुकाबला 31 अगस्त को भारत से होगा। उसके बाद उसे 2 सितंबर को पाक से खेलना है। वहीं यूएई के खिलाफ हुए क्वालीफाइंग मुकाबले में हांगकांग ने टॉस जीतकर यूएई को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया। यूएई की टीम 19.3 ओवर में 147 रनों पर ही आउट हो गयी। यूएई की ओर से कप्तान सीपी रिजवान ने सबसे ज्यादा 49 रन बनाये। उन्होंने इसमें चार चौके लगाये। वहीं कप्तान के अलावा जवार फरीद ने 27 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाकर 41 रनों की आक्रामक पारी खेली। दूसरी ओर हांगकांग की तरफ से एहसान खान ने चार और आयुष शुक्ला ने तीन विकेट लिए। इसके बाद यासीम मुर्तजा की शानदार अर्धशतकीय पारी 58 रनों से हांगकांग की टीम ने 148 रनों के लक्ष्य को 19 ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। उन्होंने पहले विकेट के लिए टीम के कप्तान निजाकत खान के साथ 85 रनों की साझेदारी बनायी। कप्तान निजाकत ने 39 और बाबर हयात ने 38 रनों की पारी खेली। दूसरी ओर यूएई की तरफ से जुनैद सिद्दकी और बासिल हमीद ने एक-एक विकेट लिया।

### एशिया कप में बुमराह की कमी पूरी करेंगे पंड्या और अन्य गेंदबाज

**मुम्बई** । 27 अगस्त से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में शुरु हो रहे एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में टीम इंडिया को अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना ही उतरना पड़ रहा है। ऐसे में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या पर अहम जिम्मेदारी रहेगी। बुमराह फिट नहीं होने के कारण टीम से बाहर हैं। पंड्या का प्रदर्शन टीम में वापसी के बाद से ही अच्छा रहा है। इससे पहले साल 2016 में टी20 एशिया कप में भारत की ओर से पंड्या ने सबसे अधिक विकेट लिए थे। उन्होंने 7 मैच में 15 की औसत से 7 विकेट अपने नाम किए थे। ऐसे में इस बार भी पंड्या से टीम को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें रहेंगी। 2016 के टी20 एशिया कप में स्पिनर रवींद्र जडेजा और ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था। अश्विन ने 4 मैच में 4 विकेट लिए थे। वहीं रवींद्र जडेजा ने 4 मैच में 3 विकेट लिए थे। इस बार एशिया कप की टीम में दो और स्पिनरों युजवेंद्र चहल और लेग स्पिनर रबि बिश्नोई को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा तेज गेंदबाज के तौर पर भुवनेश्वर कुमार, युवा अर्शदीप सिंह और आवेश खान को भी अवसर मिला है। भूवी नई गेंद और डेथ ओवर्स में अपनी जबरदस्त गेंदबाजी के लिए जाने जाते हैं। वहीं अर्शदीप ने हाल के दिनों में प्रशावशाली गेंदबाजी करते हुए सबका ध्यान खींचा है।

## न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ सीरीज में भारत 'ए' की कप्तानी करेंगे प्रियांक

**मुम्बई** । भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की चयन समिति ने बल्लेबाज प्रियांक पांचाल को न्यूजीलैंड 'ए' के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए भारत 'ए' का कप्तान बनाया है। चयनसमिति ने इसी माह के अंत में शुरु हो रही इस चार दिवसीय सीरीज के लिए 16 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस 16 सदस्यीय टीम में प्रियांक के अलावा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़, चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को भी शामिल किया गया है। कुलदीप ने हाल में हुए जिम्बाब्वे दौरे में 3 मैचों में कुल 3 विकेट लिए थे। इस दौरे के लिए युवा तेज गेंदबाज उमरान मलिक को भी टीम में जगह मिली है। इसके अलावा चयनकर्ताओं ने घरेलू सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, अभिमन्यु ईश्वरन, रजत पाटीदार और सरफराज खान के अलावा उभरते हुए युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा, मध्यम गति के गेंदबाज मुकेश कुमार और यश दयाल को भी टीम में जगह दी है। भारत ओर न्यूजीलैंड 'ए' के बीच होने वाली यह सीरीज बेंगलुरु , हुबली और. चेन्नई में खेली जाएगी।



## व्यापार न्यूज

### डॉलर के मुकाबले रुपया छह पैसे बढ़कर 79.80 पर

**मुंबई** । घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और अन्य एशियाई मुद्राओं में बढ़त के चलते रुपया गुरुवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले छह पैसे बढ़कर 79.80 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 79.80 पर खुला, जो पिछले बंद के मुकाबले छह पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले तीन पैसे टूटकर 79.86 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.22 प्रतिशत फिसलकर 108.44 पर आ गया। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा 0.45 प्रतिशत बढ़कर 101.68 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। बताया जा रहा है ?कि इस सप्ताह होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक के कारण रुपया सीमित दायरे में रह सकता है।

### कच्चा तेल फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल

**नई दिल्ली** ।रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से क्रूड ऑयल की कीमतों में तेजी बनी हुई है. कुछ दिन पहले ही ब्रेंट क्रूड ऑयल 100 डॉलर के नीचे आ गया था। इस वजह से उम्मीद जगी थी कि तेल सस्ता हो सकता है। अब कच्चा तेल फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार चला गया है। लिहाजा पेट्रोल-डीजल के सस्ता होने की उम्मीद अभी नहीं दिख रही है। इस बीच सरकारी तेल कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतें 6 अप्रैल के बाद से ही नहीं बढ़ाई गई हैं। हालांकि, केंद्र की ओर से उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद मई में पेट्रोल 9 रुपए और डीजल 7 रुपए तक सस्ता हो गया था।

### क्रिप्टोकरेंसी बाजार में तेजी

**नई दिल्ली** । क्रिप्टोकरेंसी बाजार में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन उछाल देखने को मिला है। हालांकि कल मामूली उछाल था। ग्लोबल क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 1.67 फीसदी बढ़त के साथ 1.03 ट्रिलियन डॉलर हो गया है। बिटकॉइन और इथेरियम समेत लगभग सभी बड़ी क्रिप्टोकरेंसीज़ में बढ़त देखने को मिली है। बिटकॉइन 0.99 फीसदी की तेजी के साथ 21,476.11 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। पिछले 7 दिनों में यह कॉइन 8.40 फीसदी गिरा है। दूसरे सबसे बड़े कॉइन इथेरियम का प्राइस पिछले 24 घंटों में 3.42 प्रतिशत बढ़कर 1,669.94 डॉलर पर पहुंच गया है तो ईथर में 9.68 फीसदी की गिरावट आई है। क्रिप्टोकरेंसी बाजार में आज बिटकॉइन का प्रभुत्व 39.7 प्रतिशत है तो इथेरियम का 19.7 फीसदी है। बिटकॉइन का मार्केट कैप 410.86 बिलियन डॉलर है जबकि इथेरियम 203.9 बिलियन डॉलर को छूने के करीब है।

## एक सितंबर से यमुना एक्सप्रेस्वे पर सफर करना होगा महंगा

### यमुना अथॉरिटी बोर्ड की 74वीं बैठक में टोल प्लाजा पर लगने वाले टोल टैक्स बढ़ाने के फैसले पर लगी मुहर

नई दिल्ली (ईएमएस)। यमुना एक्सप्रेस्वे पर सफर करना अब महंगा होने जा रहा है क्योंकि सरकार ने आगरा को देश की राजधानी नई दिल्ली से जोड़ने वाले यमुना एक्सप्रेस्वे पर लगने वाले टोल टैक्स को बढ़ाने का फैसला लिया है। यमुना अथॉरिटी बोर्ड की 74वीं बैठक में टोल प्लाजा पर लगने वाले टोल टैक्स में बढ़ोत्तरी के फैसले पर मुहर लगा दी गई है। टोल टैक्स में 10 पैसे से लेकर 1 रुपए 55 पैसे प्रति किलोमीटर की बढ़ोत्तरी की गई है दरअसल उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन यमुना प्राधिकरण की तरफ से एक्सप्रेसवे पर टोल रेट में दो साल बाद इजाफा किया या जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि टोल की नई दरें 1 स?तंबर से लागू हो जाएंगी। गौरतलब है ?कि यमुना एक्सप्रेस्वे की टोल दरों में आखिरी बार 2021 में वृद्धि की गई थी। प्राधिकरण के बयान के अनुसार कार, जीप और हल्के मोटर वैन की दरों में 2.50 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 2.65 रुपए प्रति किलोमीटर की गई है, जबकि हल्के व्यवसायिक वाहन, हल्के माल या मिनी बस की दर 3.90 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 4.15 रुपए प्रति किलोमीटर, बस या ट्रक की दर 7.90 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 8.45 रुपए प्रति किलोमीटर की गई है। वहीं बस या ट्रक के लिए टोल की दर 7.90 रुपए प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर 8.45 रुपए प्रति किलोमीटर कर दी गई है। बैठक में कहा गया कि कोर्ट के न?र्देशों के मुताब?क एक्सप्रेसवे पर सेफ्टी से जुड़े 22 काम होने थे। एक्सप्रेस्वे पर हो रहे हादसों को रोकने के लिए 130 करोड़ रुपए का खर्च आया है, जिसको वहन करने के लिए टोल टैक्स में वृद्धि जरूरी हो गई है।

### शेयर बाजार की मजबूती के साथ शुरुआत

## सेंसेक्स 300 अंक चढ़ा, निफ्टी 17,700 पर

**मुंबई** । वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच बैंकिंग, वित्त और धातु शेयरों में बढ़त के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स गुरुवार को शुरुआती कारोबार में 300 अंक से अधिक चढ़ गया। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 305.74 अंक चढ़कर 59,391.17 पर था। इसी तरह, व्यापक एनएसई निफ्टी 85.05 अंक बढ़कर 17,690 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, बजाज फिनसर्व, भारती एयरटेल और एक्सिस बैंक बढ़ने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर सिर्फ एचसीएल टेक्नोलॉजीज में गिरावट हुई। अन्य एशियाई बाजारों में सोल, तोक्यो और शंघाई के बाजार बढ़त में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को तेजी के साथ बंद हुए। पिछले कारोबारी सत्र में सेंसेक्स 54.13 अंक चढ़कर 59,085.43 पर बंद हुआ था, जबकि निफ्टी 27.45 अंक बढ़कर 17,604.95 पर पहुंच गया। इस बीच अंतरराष्ट्रीय तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.45 फीसदी की तेजी के साथ 101.68 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर पहुंच गया। शेयर बाजार के अस्थाई आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 23.19 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। न्यू दिल्ली टेलीविजन लिमिटेड (एनडीटीवी) के शेयर्स में आज लगातार तीसरे दिन अपर सर्किट लगा है। बता दें कि अडानी ग्रुप द्वारा हिस्सेदारी की घोषणा के बाद से ही यह स्टॉक काफी तेजी से ऊपर जा रहा है। आज वैश्विक बाजारों में भी तेजी देखने को मिली है, जिसका परिणाम भारतीय बाजार पर भी दिख रहा है।

## सोना 167 और चांदी में 394 रुपए की तेजी

**नई दिल्ली** । वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में तेजी की वजह से गुरुवार को मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने-चांदी के भावों में जोरदार रिकवरी देखी जा रही है। एमसीएक्स सोना अक्टूबर वायदा 167 रुपए की तेजी के साथ 51,606 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता हुआ देखा गया है। एमसीएक्स चांदी सितंबर वायदा 394 रुपए की तेजी के साथ 55,331 रुपए प्रति किलो पर कारोबार कर रही है। भावों में रिकवरी वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों की वजह से देखी जा रही है। बुधवार को सोना अक्टूबर वायदा 51,439 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी अक्टूबर वायदा 54,937 रुपए प्रति किलो पर निपटा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना 5.48 डॉलर प्रति औंस की तेजी के साथ 1756.46 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता हुआ देखा गया है। जबकि चांदी 0.13 डॉलर की तेजी के साथ 19.25 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती हुई देखी गई है। एक वेबसाइट पर जारी किए गए भावों के मुताबिक मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद और केरल में 22 कैरेट सोने के रेट 47,260 रुपए प्रति 10 ग्राम पर हैं। दिल्ली, जयपुर और लखनऊ में 22 कैरेट सोना 47,410 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमत मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, पुणे, वडोदरा, अहमदाबाद, जयपुर और लखनऊ में 55,400 रुपए प्रति किलो है।



## डजायर टूर एस मॉडल को किया रिकॉल, 166 गाड़ियों के सेफ्टी फीचर में पाया दोष

**नई दिल्ली** । मारुति डिजायर टूर एस मॉडल को रिकॉल कर रही है। इस रिकॉल के तहत कंपनी के 6 अगस्त 2022 से 16 अगस्त 2022 के बीच बनने वाली कुल 166 डिजायर टूर गाड़ियों के सेफ्टी फीचर में दोष पाया गया है। इसकी जानकारी कंपनी ने अपने रेगुलेटरी फाइलिंग में दी है। इसके एयरबैग कंट्रोल यूनिट में खराबी की खबर है, जिसकी वजह से इन गाडियों में एयरबैग कंट्रोल यूनिट को बदलने के लिए रिकॉल किया जा रहा है। कंपनी प्रभावित हुए मॉडल्स में मुफ्त में इसे बदलेगी। कंपनी के मुताबिक, यह संदेह है कि एयरबैग कंट्रोल यूनिट में एक संभावित दोष है, जिसके कारण कुछ स्थिति में इसके काम करने के दौरान खराबी हो सकती है। संदिग्ध वाहनों के ग्राहकों को सलाह दी जाती है कि जब तक एयरबैग कंट्रोल यूनिट को बदल नहीं दिया जाता तब तक वे वाहन का उपयोग न करें।रिकॉल में शामिल हुए मॉडल्स में कहीं आपकी गाड़ी भी तो शामिल नहीं है, इस बात की जानकारी के लिए ग्राहक कंपनी की वेबसाइट पर जाकर पता लगा सकते हैं। साइट पर जाने के बाद कार मालिक को इम्प कस्टमर इंफो सेक्शन पर जना होगा। यहां पर अपनी गाड़ी का चेसिस नंबर भरकर जांच सकते हैं कि क्या उनके वाहन को को भी इस रिकॉल में रखा गया है या नहीं। रिकॉल के अलावा अगर मारुति के अपकमिंग मॉडल पर ध्यान दें तो कंपनी अगले महीने अपनी नई ग्रैंड विटारा की लॉन्चिंग की तैयारियों में लगी हुई है। यह एक स्ट्रांग हाइब्रिड पावरट्रेन के साथ आने वाला मॉडल है, जिसमें आपको 1 .5-लीटर पेट्रोल इंजन देखने को मिलता है। फिलहाल कंपनी ने इसकी बुकिंग शुरू कर दी है और अब तक इसे 40,000 से ज्यादा लोगों ने बुक भी कर लिया है।बता दें कि चेसिस नंबर गाड़ी की आईडी प्लेट पर एमए3 के बाद 14-अंकीय अल्फ़ान्यूमेरिक नंबर होता है जो आईडी प्लेट पर और गाड़ी के रजिस्ट्रेशन दस्तावेजों में दिया होता है।

### रॉयल एनफील्ड ला रही इलेक्ट्रिक बाइक

रॉयल एनफील्ड कंपनी अब नई हंटर 350 को पेश करने के बाद अगली पीढ़ी की रॉयल एनफील्ड बुलेट 350 को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। रॉयल एनफील्ड वर्तमान में बाजार के लिए नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल विकसित कर रही है। 2025 के आसपास आधिकारिक तौर पर पेश किए जाने की उम्मीद है। हालांकि ये बाइक्स अभी भी विकास के शुरुआती चरण में हैं, दोनों ही खरीदारों के लिए एक लागत प्रभावी सेटअप की पेशकश करेंगे। इसके अलावा, रॉयल एनफील्ड को भी सरकारी योजनाओं का उपयोग करने की उम्मीद है जो इलेक्ट्रिक प्रसाद के विकास और निर्माण के लिए इनपुट लागत को काफी कम कर देगी। इससे ब्रांड को इन बाइक्स की बाजार में आक्रामक कीमत तय करने में मदद मिलेगी। रॉयल एनफील्ड वर्तमान में भारत में अपने पोर्टफोलियो को बढ़ाने पर काम कर रहा है। विभिन्न बाजारों के लिए 350 सीसी से 650 सीसी सेगमेंट में कई उत्पाद विकसित कर रहा है। यह भी कहा जाता है कि ब्रांड 2026-27 तक लॉन्च होने वाली नई 450सीसी बाइक पर काम कर रहा है, जबकि यह दूसरी पीढ़ी का जे प्लेटफॉर्म भी लॉन्च कर सकता है।

## 28 लाख में नीलाम हुआ फर्स्ट जनरेशन का अनसील आईफोन

नई दिल्ली । फर्स्ट जनरेशन का अनसील आईफोन अमेरिका में हुई एक नीलामी में 35,000 डॉलर (लगभग 28 लाख) में बिका है। 9 जनवरी 2007 को तत्कालीन ऐपल के सीईओ स्टीव जॉब्स ने सैन फ्रांसिस्को में मैकवर्ल्ड सम्मेलन में आईफोन का अनावरण किया था। फोन आईपॉड, कैमरा और वेब-ब्राउजिग कैपेबलिटी के साथ एक टचस्क्रीन जैसे फीचर्स से लैस है। डिवाइस में टचस्क्रीन, एक 2एमपी कैमरा, विजुअल वॉइसमेल और एक वेब ब्राउजर दिया गया है। आईफोन को यूएस में जून 2007 में पेश किया गया था। फोन के 4जीबी मॉडल की कीमत 499 डॉलर और 8जीबी मॉडल 599 डॉलर की कीमत पर जारी किया गया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक अब पूरी तरह से पैक किया गया ऑरिजिनल आईफोन 8 जीबी एक नीलामी में 35,414 डॉलर में बेचा गया है। ऑक्शन हाउस आरआर ने कहा कि आईफोन बॉक्स में स्क्रीन पर 12 आइकन के साथ आईफोन की एक तस्वीर छपी है। आरआर नीलामी की क्यूरेटेड ऐपल, जॉब्स, और कंप्यूटर हार्डवेयर नीलामी में डिवाइस नीलामी के लिए तैयार था।

# दीपिका पादुकोण को बिना ऑडिशन के ही मिल गई थी ओम शांति ओम



बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण करोड़ों दिलों पर राज करती हैं. दीपिका ने फिल्म ओम शांति ओम से अपने करियर की शुरुआत की थी. दीपिका की ये पहली ही फिल्म पर्दे पर सुपरहिट हुई थी. फिल्म में वह शाहरुख खान के साथ नजर आई थीं.आपको बता दें कि दीपिका को अपनी पहली फिल्म पाने के लिए न तो कोई ऑडिशन देना पड़ा और न ही किसी स्क्रीन टेस्ट से गुजरना पड़ा था. दीपिका पादुकोण ने अपने अब तक के करियर में एक से एक नायाब फिल्मों में काम किया है. एक्ट्रेस को खूबसूरती के साथ साथ शानदार एक्टिंग के लिए जाना जाता है. ओम शांति ओम के लिए बिना ऑडिशन के ही फराह और शाहरुख उन्हें फिल्म की हीरोइन मान बैठे थे. खबर के अनुसार पहली ही फिल्म से फैंस को दीवाना करने वाली दीपिका पादुकोण ने एक इंटरव्यू में अपनी फिल्मी जर्नी से जुड़ी कई सारी बातें शेयर की थीं. खबर के अनुसार दीपिका ने अपने अपनी पहली फिल्म पर कुछ खुलासे किए. एक्ट्रेस ने बताया है कि वह फिल्मी दुनिया से पूरी तरह से अंजान थीं. उनको कैमरा फेस हो या फिर डायलॉग डिलिवरी, उन्हें कई ऐसी बातें फिल्म से जुड़ी नहीं पता थीं. लेकिन एक्ट्रेस के अनुसार डायरेक्टर फराह खान भी उन पर भरोसा था और उन पर जरा भी डाउट नहीं था कि वे फिल्म में काम नहीं कर पाएंगी. दीपिका ने बताया कि न्यूकमर होने के बावजूद फिल्म के लिए उनका न तो ऑडिशन लिया गया और न ही स्क्रीन टेस्ट. दीपिका ने बताया कि फिल्म में उनकी शाहरुख ने भी काफी मदद की थी. आपको बता दें कि दीपिका पादुकोण भले फिल्मों के लिए नई हों लेकिन वह एक प्रसिद्ध परिवार से आती हैं. दीपिका का पिता प्रकाश पादुकोण इंडियन बैडमिंटन के एक बड़े प्लेयर रहे हैं. ऐसे में दीपिका को हो सकते है पिता के नाम का भी फायदा मिला हो हालांकि हम इस पर मुहर नहीं नहीं लगा रहे हैं. दीपिका पादुकोण को फैंस ने आखिरी बार मेघना गुलजार की फिल्म धपाक में देखा था. फिल्म में दीपिका के अपोजिट विक्रांस मैसी नजर आए थे. फिल्म भले पर्दे पर ना चली हो लेकिन दीपिका की एक्टिंग को फिल्म में फैंस ने काफी पसंद किया था. फिलहाल दीपिका जल्द ही पति रणवीर सिंह के साथ शादी के बाद पहली बार फिल्म 83 में नजर आने वाली हैं. इस फिल्म का फैंस को काफी इंतजार है।

## उर्वशी रौतेला और गुरू रंधावा का गाना डूब गए रिलीज



बॉलीवुड की अभिनेत्री उर्वशी रौतेला इन दिनों एक के बाद एक कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ रही हैं। अब हाल ही में उर्वशी रौतेला का नया म्यूजिक वीडियो रिलीज किया गया है। जो एक रोमांटिक सॉन्ग है। उर्वशी रौतेला इस म्यूजिक वीडियो में मशहूर सिंगर गुरु रंधावा के साथ नजर आ रही हैं। उनका ये गाना पिछले काफी समय से सुर्खियों में बना हुआ था। हालांकि अब इस गाने को रिलीज कर दिया गया है। गुरु रंधावा और उर्वशी रौतेला के गाने की शूटिंग से जुड़ी वीडियोस और तस्वीरें बीते दिनों उनके फैंस के साथ शेयर की गई थी। जिसको देखने के बाद इस गाने की रिलीज का इंतजार भी कर रहे थे। हालांकि अब उनका गाना डूब गए रिलीज हो गया है। रिलीज होते ही डूब गए गाना इंटरनेट की दुनिया में धमाल मचा रहा है। गुरु रंधावा और उर्वशी रौतेला का नया गाना डूब गए बीते दिनों रिलीज किया गया था। जिसमें इन दोनों ही कलाकारों का रोमांटिक अंदाज उनके चाहने वालों को पसंद आ रहा है। जैसे ही रोमांटिक गाना डूब गए रिलीज किया गया वैसे ही इंटरनेट पर धमाल मचाने लगा। अब तक ढेर सारे व्यूज इस गाने को मिल चुके हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि डूब गए गाने की शूटिंग गोवा के साथ-साथ कई जगह पर की गई है। जिसमें उर्वशी रौतेला हमेशा की तरह बेहद खूबसूरत नजर आ रही हैं। वहीं इस गाने में गुरु रंधावा ने अपनी आवाज से एक बार फिर से अपने चाहने वालों का दिल जीता है। बता दें कि गुरु रंधावा और उर्वशी रौतेला का ये दूसरा म्यूजिक वीडियो सॉन्ग है। इससे पहले इन दोनों का एक और गाने में काम कर चुके है। अगर हम बात करें गाने डूब गए की इसका निर्देशन रेमो डिसूजा ने किया है और बी प्राक ने इस गाने को लिखा है। वहीं टीसीरीज बैनर तले इसका निर्माण किया गया है।

## मुंबई आई तो मेरे माता-पिता निराश थे: माहिका शर्मा

अभिनेत्री माहिका शर्मा का कहना है कि उनके माता-पिता कभी नहीं चाहते थे कि वे अभिनेत्री बनें। माहिका एफआईआर और तू मेरे अगल बगल है जैसे सीरीयल में किए गए अभिनय से जानी जाती हैं। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि मेरे माता-पिता ने यहां मनोरंजन उद्योग में अपना करियर बनाने के लिए कभी मेरा समर्थन नहीं किया। मैं उन्हें निराश करते हुए मुंबई आई। इस नए शहर में मेरा कोई स्त्रोत या संपर्क नहीं था। अभिनेत्री का कहना है कि उन्होंने खुद को बनाए रखने के लिए आध्यात्मिकता और प्रार्थना की ओर रुख किया। अभिनेत्री ने कहा कि वह भगवान हनुमान पर भरोसा करके हिम्मत हासिल करती हैं और उनके साथ हमेशा एक हनुमान चालीसा होती है।

# पुष्पा के बाद पिता की अगली में नजर आ सकते हैं अल्लू अर्जुन



इसमें कोई दो राय नहीं है कि अल्लू अर्जुन साउथ फिल्म इंडस्ट्री के एक मशहूर और स्टाइलिश अभिनेता हैं। जिन्होंने अपने अब तक के करियर के दौरान कई धमाकेदार और सुपर हिट फिल्मों में काम किया है। जिसको उनके फैंस भी काफी ज्यादा पसंद करते हैं। अभिनेता अल्लू अर्जुन की फैन फॉलोइंग साउथ फिल्म इंडस्ट्री में ही नहीं बल्कि हिंदी भाषी क्षेत्रों में भी काफी ज्यादा है। अब अभिनेता अल्लू अर्जुन को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जिसको जानने के बाद उनके चाहने वालों की खुशी का ठिकाना ही नहीं रहेगा। खबरों के अनुसार ऐसा कहा जा रहा है कि, अभिनेता अल्लू अर्जुन अपने पिता और निर्माता अल्लू अरविंद के साथ अगली फिल्म में काम करने वाले हैं। अभिनेता अल्लू अर्जुन अपने पिता और निर्माता अरविंद अल्लू के साथ अगले प्रोजेक्ट में काम करने की खबरें सामने आ रहे हैं। हालांकि उनका अगला प्रोजेक्ट किया है इसके बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है। वैसे आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अभिनेता अल्लू अर्जुन के अगले प्रोजेक्ट को जो खबरें सामने आ रही है उसमे कितनी सच्चाई है इसके बारे में वहीं बेहतर जानते होंगे। अगर हम बात करें अल्लू अर्जुन की तो उनको पिछले दिनों कोरोना वायरस से पॉजिटिव पाया गया था। जिसकी वजह से उन्होंने खुद को होम क्वारंटीन कर लिया था। अभिनेता अल्लू अर्जुन के काम की बात करें तो वो आने वाले दिनों में फिल्म पुष्पा में नजर आने वाले हैं। जिसकी कहानी काफी दिलचस्प है। फिल्म में मुख्य किरदार के रूप में अल्लू अर्जुन के साथ रश्मिका मंदाना भी नजर आएंगी। अभिनेत्री अपनी फिल्म के लिए काफी ज्यादा उत्साहित है। फिल्म हो सकता है इसी साल में रिलीज कर दी जाए। फिल्म पुष्पा का पोस्टर और टीजर मेकर्स ने काफी समय पहले ही रिलीज कर दिया था।

# पूरी नींद न लेने से हो सकती हैं इतनी समस्याएं !

हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए जितना अहम रोल खानपान और व्यायाम का होता है, उतनी ही जरूरी नींद भी होती है. विशेषज्ञों की मानें तो स्वस्थ शरीर के लिए हर व्यक्ति को कम से कम 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए. लेकिन इस तकनीकी दुनिया ने इंसान की पूरी दिनचर्या को ही बिगाड़कर रख दिया है.

काम का प्रेशर ऐसा है कि सुकूनभरी नींद के लिए भी कई जतन करने पड़ते हैं. बिस्तर पर लेटने के बाद भी थके हुए शरीर को हर वक्त चलता दिमाग ठीक से सोने नहीं देता और घंटों करवटें बदलते निकल जाते हैं. नींद का पूरा न होना इंसान के लिए कितनी समस्याएं खड़ी कर सकता है, इसका अंदाजा भी शायद आपको न हो. यहां जानिए इसके बारे में.

### तनाव, गुस्सा और डिप्रेशन

नींद पूरी नहीं होने से दिमाग को आराम नहीं मिल पाता और वो हर वक्त चलता रहता है. इसके कारण स्ट्रेस बढ़ता है. तनाव की स्थिति में कभी कोई काम ठीक से नहीं हो पाता. ऐसे में गुस्सा, इरिटेशन और डिप्रेशन जैसी दिक्कतें होना शुरू हो जाती हैं.

### दिल की सेहत पर बुरा असर



ठीक तरीके से नींद न ले पाने से शरीर का मेटाबॉलिज्म रेट प्रभावित होता है. इसकी वजह से शरीर में चर्बी बढ़ने लगती है. ऐसे में दिल की सेहत पर बुरा असर पड़ता है और हाई बीपी, डायबिटीज और हृदय संबन्धी परेशानियों का रिस्क बढ़ जाता है।

### इम्यून सिस्टम होता कमजोर

कोरोना काल में इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने की बातें हो रही हैं. लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि पूरी नींद न लेने से हमारा रोग प्रतिरोधक तंत्र प्रभावित होता है और अगर इम्युनिटी कमजोर हो तो व्यक्ति को कोई भी इंन्फेक्शन, खांसी, जुकाम, बुखार आदि समस्याएं जल्दी घेर लेती हैं।

### ब्रेस्ट कैंसर का रिस्क

तमाम रिसर्च बताती हैं कि नींद पूरी नहीं होने से शरीर की कोशिकाओं को काफी नुकसान पहुंचता है, जिसकी वजह से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

### हार्मोनल समस्याएं

आजकल महिलाओं में थायरॉयड, पीसीओडी जैसी कई हार्मोनल परेशानियां का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है. इसकी बड़ी वजह स्ट्रेस है. नींद की कमी से भी स्ट्रेस बढ़ता है और ये तनाव कई समस्याओं की वजह बनता है. इसकी वजह से हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं और महिलाओं में चिड़चिड़ापन, मूड स्विंग, पीरियड की अनियमितता, मोटापा जैसी परेशानियां हो जाती हैं. ये परेशानियां अन्य बीमारियों को न्योता देती हैं।

### निर्णय लेने की क्षमता होती कमजोर

आधी अधूरी नींद का असर याददाश्त पर भी पड़ता है और व्यक्ति रोजमर्रा की सामान्य बातें भी भूलने लगता है. इसकी वजह से उसकी निर्णय लेने की क्षमता कमजोर होती है. जिसकी वजह से कॉन्फिडेंस कम होता है।

# कार्तिक आर्यन ने मास्क ना पहनने वालों को डराया



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों अपने घर पर हैं, जहां वो कोरोना को लेकर कई सारी जानकारी अपने फैंस के साथ साझा कर रहे हैं. ऐसे में एक्टर ने अब से कुछ देर पहले अपनी एक तस्वीर को शेयर किया है. इस तस्वीर को शेयर करते हुए एक्टर ने बताया है कि अगर आप लोग मास्क नहीं पहेंगे तो आपके साथ क्या होगा. आपको बता दें, अब से कुछ दिनों पहले ही एक्टर कोरोना पॉजिटिव हुए थे, जिसके बाद उन्होंने खुद को अपने घर में आइसोलेट कर लिया था. जिसके बाद कहीं जाकर एक्टर निगेटिव हुए. जिसके बाद अब एक्टर चाहते हैं कि उनके फैंस भी अपना ख्याल रखें जिसे लेकर एक्टर ने अपनी नई पोस्ट को शेयर किया है. एक्टर ने जो अपनी तस्वीर को शेयर किया है उसमें एक्टर डायनासॉर के मुंह में अपना सिर डालते हुए नजर आ रहे हैं. एक्टर इस तस्वीर को शेयर करते हुए बताना चाहते हैं कि अगर आप अब भी मास्क नहीं पहनते हैं, तो आप इसके खुद ही जिम्मेदार हैं. क्योंकि अब कोरोना कहर अपने चर्म पर है. जहां आए दिन कोरोना के वजह से 3000 से ज्यादा मौत पूरे भारत में हो रही है. वहीं, इस तस्वीर में डायनासॉर का मुंह खुला हुआ है उसके डरावने दांत दिखाई दे रहे हैं. एक्टर की इस तस्वीर को उनके फैंस खूब पसंद कर रहे हैं. इस तस्वीर को शेयर करते हुए कार्तिक ने कैप्शन में लिखा- 'बिना मास्क के चेहरों के अंदर कोरोना इस तरह स्लाइड करके चला जाता है. वहीं हाल ही में कार्तिक आर्यन की डेट्स की वजह से उन्हें बॉलीवुड के सबसे बड़े प्रोडक्शन हाउस धर्मा की बड़ी फिल्म दोस्ताना 2 से हाथ धोना पड़ा है. दूसरी वजह करण जौहर के साथ उनका झगड़ा भी बताया जा रहा है. क्योंकि कार्तिक ने कोरोना की सेफ्टी की दलील देकर दोस्ताना 2 की शूट को टाला लेकिन धमाका की शूटिंग शुरू कर दी. लेकिन कोई नहीं इंडस्ट्री में ऐसी छोटी मोटी लड़ाई होती रहती और कार्तिक आर्यन के काफी फिल्में हैं जिनमें वो हमें नजर आने वाले हैं।

# बिना फ्रिज के भी खाने: पीने की चीजों को रख सकते हैं सुरक्षित, फॉलो करें ये टिप्स



गर्मियों में बिना फ्रिज के खाने ङ्क पीने की चीजों को सुरक्षित रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. कभी-कभी बिजली जाने पर ये चीजें खराब हो जाती है. इसके अलावा फ्रिज भी खराब हो सकता है. ऐसे में आप कुछ ऐसी टिप्स को फॉलो कर सकते हैं. जिसकी वजह से खाना खराब नहीं होगा. आइए जानें कैसे?

**सब्जियों को सुरक्षित रखने के लिए:** सब्जियों को सुरक्षित रखने के लिए आप सब्जियों को काटकर धूप में सूखा लें. इसके जरिए आप बैक्टीरिया से बचाव कर सकते हैं. सुखाकर इसका स्वाद और भी बढ़ता है. क्योंकि ऐसा करने से सब्जियों का पानी निकल जाता है. ऐसा करने से आप बिना फ्रिज के भी सब्जियों को सुरक्षित रख सकते हैं.

**बटर और जैम को सुरक्षित रखने के लिए:** बटर और जैम जिन्हें अधिकतर मार्केट से खरीदा जाता है. ये चीजें बाहर रखने से बहुत जल्दी खराब हो जाती है. इन्हें सुरक्षित रखने के लिए आप ठंडा पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आपको किसी बर्तन में पानी रखना होगा. इसके बाद बटर या जैम इसमें रख दें. ऐसा करने से आप इसे कई दिनों तक खराब होने से बचा सकते हैं।

**दूध को सुरक्षित रखने के लिए:** दूध को गर्मियों में बिना फ्रिज के सुरक्षित रखना थोड़ा मुश्किल हो जाता है. दूध को सुरक्षित रखने के लिए पहले इसे उबाल लें. इसके बाद इसमें एक चम्मच शहद डाल दें . ऐसा करने से आप इसे कुछ समय तक खराब होने से बचा सकते हैं.

**अंडे को सुरक्षित रखने के लिए:** अंडे भी गर्मियों में बहुत जल्दी खराब हो जाते हैं. गर्मियों में उबले हुए अंडे तेजी से खराब होते है. ये अंडे केवल 1 से 2 घंटे में खराब होने लगते हैं. इन्हें सुरक्षित रखने के लिए आप पानी का इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए आप अंडे को पानी में डुबोकर कर रख सकते हैं. इस कच्चे अंडे का आप एक से दो दिन में फ्राई करके सेवन कर सकते हैं. इसके अलावा आप इन अंडों को ठंडी जगह पर स्टोर करके रख सकते हैं. इस दौरान पेपर का इस्तेमाल कर इन्हें ढककर जरूर रखें।

**दही को सुरक्षित रखने के लिए:** बिना फ्रिज के दही आसानी से खराब हो जाता है. दही को खराब होने से बचाने के लिए आप दो से तीन चम्मच शहद इसमें मिला दें. ऐसा करने से आप कुछ समय तक इसे प्राकृतिक रूप से खराब होने से बचा सकते हैं.

**चिकन और मटन को सुरक्षित रखने के लिए:** चिकन और मटन बिना फ्रिज के सुरक्षित रखना चाहते हैं. तो इसके लिए आपको इसके पानी को बाहर निकाल दें. इससे इसमें बैक्टीरिया नहीं पनपेगा. इसके बाद इसे माइक्रोवेव में रखें या इसे तल लें. फिर इसे एक बर्तन में रखकर सूती कपड़े से ढंक दें. इसके अलावा आप चिकन और मछली को अगर अगले दिन बना रहें तो इस पर नमक और हल्दी का इस्तेमाल कर सकते हैं. चिकन और मछली में नमक और हल्दी अच्छे से मिक्स कर लें. इसे किसी ठंडी जगह रख दें. ऐसा करने से आप इसे खराब होने से बचा सकते हैं।

## फूलों के बीच ग्लैमरस अंदाज में नजर आई मौनी रॉय



*मौनी रॉय उन एक्ट्रेस की लिस्ट में शामिल हैं जिनका स्टाइल स्टेटमेंट अक्सर ही सोशल मीडिया पर नजर आ जाता है। यहीं नहीं जब भी मौनी रॉय पपराजी के कैमरे में भी कैद होती हैं तो उनका ड्रेसिंग सेंस लाजवाब रहता है। हर बार की तरह ही इस बार भी मौनी ने अपने गॉर्जियस लुक की कुछ तस्वीरें फैंस के साथ साझा की हैं। जिसमे उनका लुक हॉट एंड क्यूट नजर आ रहा है। सनफ्लावर फूलों के बीच खड़ी मौनी रॉय इन तस्वीरों में गजब ढा रही हैं। वहीं दूसरी तरफ उनकी ड्रेस भी कुछ कम खास नही है। ब्लैक एंड व्हाईट कलर की ड्रेस पर स्पैगेटी स्लीव लगी है। ब्लैक पैटर्न पर सफेद रंग के फूल बने हैं। जबकि साइड स्लीव पर लैस की डिटेलिंग की गई है। इन तस्वीरों में फैन्स मौनी रॉय की अदाओं को खूब पसंद कर रहे हैं और इन पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। एक्ट्रेस मौनी रॉय ने बॉलीवुड में कई फिल्मों और आइटम नंबर्स में काम किया है। मौनी बहुत जल्द फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगीं।*

# शिवसेना आखिर किसकी

सुप्रीम कोर्ट ने एकनाथ शिंदे की शिवसेना बनाम उद्धव ठाकरे की शिवसेना केस को संविधान पीठ को भेज दिया है। तीन जजों की बेंच ने 8 सवाल तैयार किए हैं, जिसके आधार पर संविधान फैसला करेगी कि शिवसेना किसकी है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि वह पार्टी सिंबल विवाद पर गुरुवार तक फैसला ना ले। पिछली सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि हमारे ऊपर अयोग्यता का आरोप गलत लगाया गया है। हम अभी भी शिवसैनिक हैं। उधर, सुप्रीम कोर्ट में उद्धव ठाकरे गुट की ओर से वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि शिंदे गुट में जाने वाले विधायक संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत अयोग्यता से तभी बच सकते हैं, अगर वो अलग हुए गुट का किसी अन्य पार्टी में विलय कर देते हैं। उन्होंने कहा था कि उनके बचाव का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। उद्धव ठाकरे भले ही मुख्यमंत्री नहीं रहे, लेकिन महाराष्ट्र के लोग आज भी उन्हें ही शिवसेना नेता मानते हैं। लोग उनकी पार्टी को अब %उद्धव ठाकरे ची शिवसेना कहते हैं जबकि एकनाथ शिंदे के समर्थक %शिंदे ची शिवसेना बोलते हैं। इस दौरान पार्टी के चुनाव चिह्न, झंडे, टाइगर के चेहरे और मराठी मानुस के समर्थन के साथ शिवाजी की विरासत को फिर से हासिल करने के लिए ठाकरे परिवार कोई कोर कसर नहीं छोड़ रह है। ठाकरे परिवार उस भावना का भी राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहा है कि गुजराती बहुल भाजपा ने एक मराठी का अपमान करने की कोशिश की है। सत्ता में रहते हुए और सत्ता से बाहर की शिवसेना में अंतर महाराष्ट्र के लोग अच्छी तरह जानते-पहचानते हैं। किसी भी विषम परिस्थिति में जुझारू शिव सैनिक बारिश आ गर्मी की परवाह किए बिना सड़क पर उतरते हैं और एयरकंडीशंड कमरों के बजाए सड़क पर संघर्ष करते रहे हैं। शिवसेना के इसी चरित्र को फिर से जीवित करने के लिए उद्धव के पुत्र आदित्य ठाकरे जनता के बीच उतरे हैं और उन्होंने राज्य भर में लोगों से शिव संवाद शुरू करने का कार्यक्रम बनाया है। इस बार के शिव संवाद का नजारा बदला हुआ है। हालांकि 2019 में भी आदित्य ठाकरे ने ऐसा एक अभियान किया था लेकिन उस समय आदित्य ठाकरे को देवेंद्र फडणवीस के मातहत डिप्टी सीएम के तौर पर तैयार किया जा रहा था और सारा कामकाज पीआर एजेंसियों ने संभाल रखा था, जिसमें शिवसैनिकों को पीछे की कतार में धकेल दिया गया था। उससे बहुत अच्छी छवि और प्रभाव जनता के बीच नहीं गया था। लेकिन इस बार सारी कमान शिवसैनिकों के हाथ में है और वही शिव संवाद का प्रबंधन कर रहे हैं। शिवसेना विपक्ष के तौर पर हमेशा बहुत प्रभावी रही है। सत्ता से सड़क पर संघर्ष करने में शिवसेना माहिर है। हालांकि महा विकास अघाड़ी सरकार के मुख्यमंत्री के तौर पर उद्धव ठाकरे की काफी सराहना हुई है, लेकिन विपक्ष के तौर पर स्थितियां एकदम विपरीत हैं। वैसे तो भाजपा नेता भी मानते हैं कि ठाकरे और शिवसेना एक दूसरे के पर्याय हैं।

# महारानी देवी अहिल्याबाई होल्कर पुण्य तिथि

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

अहिल्याबाई होलकर (31 मई 1725 - 13 अगस्त 1795), मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी तथा इतिहास-प्रसिद्ध सूबेदार मल्हारराव होलकर के पुत्र खण्डेराव की धर्मपत्नी थीं। उन्होने माहेश्वर को राजधानी बनाकर शासन किया। अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-काशी विश्वनाथ में शिवलिंग को स्थापित किया, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की।

## जीवन परिचय

अहिल्याबाई का जन्म चौंडी नामक गाँव में हुआ था जो आजकल महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के जामखेड में पड़ता है। दस-बारह वर्ष की आयु में उनका विवाह हुआ। उनतीस वर्ष की अवस्था में विधवा हो गईं। पति का स्वभाव चंचल और उग्र था। वह सब उन्होंने सहा। फिर जब बयालीस-तैंतालीस वर्ष की थीं, पुत्र मालेराव का देहान्त हो गया। जब अहिल्याबाई की आयु बासठ वर्ष के लगभग थी, दौहित्र नत्थू चल बसा। चार वर्ष पीछे दामाद यशवन्तराव फणसे न रहा और इनकी पुत्री मुक्ताबाई सती हो गई। दूर के सम्बन्धी तुकोजीराव के पुत्र मल्हारराव पर उनका स्नेह था; सोचती थीं कि आगे चलकर यही शासन, व्यवस्था, न्याय और प्रजारंजन की डोर सँभालेगा; पर वह अन्त-अन्त तक उन्हें दुःख देता रहा।]

अहिल्याबाई ने अपने राज्य की सीमाओं के बाहर भारत-भर के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मन्दिर बनवाए, घाट बँधवाए, कुओं और बावड़ियों का निर्माण किया, मार्ग बनवाए-सुधरवाए, भूखों के लिए अन्नसत्र (अन्यक्षेत्र) खोले, प्यासों के लिए प्याऊ बिठलाईं, मन्दिरों में विद्वानों की नियुक्ति शास्त्रों के मनन-चिन्तन और प्रवचन हेतु की। और, आत्म-प्रतिष्ठा के झूठे मोह का त्याग करके सदा न्याय करने का प्रयत्न करती रहीं-मरते दम तक। ये उसी परम्परा में थीं जिसमें उनके समकालीन पूना के न्यायाधीश रामशास्त्री थे और उनके पीछे झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई हुई। अपने जीवनकाल में ही इन्हें जनता 'देवी' समझने और कहने लगी थी। इतना बड़ा व्यक्तित्व जनता ने अपनी आँखों देखा ही कहाँ था। जब चारों ओर गड़बड़ मची हुई थी। शासन और व्यवस्था के नाम पर घोर अत्याचार हो रहे थे। प्रजाजन-साधारण गृहस्थ, किसान मजदूर-अत्यन्त हीन अवस्था में सिसक रहे थे। उनका एकमात्र सहारा-धर्म-अन्धविश्वासों, भय त्रासों और रूढ़ियों की जकड़ में कसा जा रहा था। न्याय में न शक्ति रही थी, न विश्वास। ऐसे काल की उन विकट परिस्थितियों में अहिल्याबाई ने जो कुछ किया-और बहुत किया। वह चिरस्मरणीय है। इन्दौर में प्रति वर्ष भाद्रपद कृष्णा चतुर्दशी के दिन अहिल्योत्सव होता चला आता है। अहिल्याबाई जब 6 महीने के लिये पूरे भारत की यात्रा पर गई तो ग्राम उबदी के पास स्थित कस्बे अकावल्या के पाटीदार को राजकाज सौंप गई, जो हमेशा वहाँ जाया करते थे। उनके राज्य संचालन से प्रसन्न होकर अहिल्याबाई ने आधा राज्य देने को कहा परन्तु उन्होंने सिर्फ यह माँगा कि महेश्वर में मेरे समाज लोग यदि मुर्दो को जलाने आये तो कपड़ो समेत जलाये।

## मतभेद

उनके मन्दिर-निर्माण और अन्य धर्म-कार्यों के महत्त्व के विषय में मतभेद है।इन कार्यों में अहिल्याबाई ने अन्धाधुन्ध खर्च किया और सेना नए ढंग पर संगठित नहीं की। तुकोजी होलकर की सेना को उत्तरी अभियानों में अर्थसंकट सहना पड़ा, कहीं-कहीं यह आरोप भी है। इन मन्दिरों को हिन्दू धर्म की बाहरी चौंकियाँ बतलाया है। तुकोजीराव होलकर के पास बारह लाख रुपए थे जब वह अहिल्याबाई से रुपए की माँग पर माँग कर रहा था और संसार को दिखलाता था कि रुपए-पैसे से



तंग हूँ। फिर इसमें अहिल्याबाई का दोष क्या था हिन्दुओं के लिए धर्म की भावना सबसे बड़ी प्रेरक शक्ति रही है; अहिल्याबाई ने उसी का उपयोग किया। तत्कालीन अंधविश्वासों और रुढ़ियों का वर्णन उपन्यास में आया है। इनमें से एक विश्वास था मांधता के निकट नर्मदा तीर स्थित खडी पहाड़ी से कूदकर मोक्ष-प्राप्ति के लिए प्राणत्याग-आत्महत्या कर डालना।

## विचारधाराएँ

अहिल्याबाई के सम्बन्ध में दो प्रकार की विचारधाराएँ रही हैं। एक में उनको देवी के अवतार की पदवी दी गई है, दूसरी में उनके अति उत्कृष्ट गुणों के साथ अन्धविश्वासों और रूढ़ियों के प्रति श्रद्धा को भी प्रकट किया है। वह अँधेरे में प्रकाश-किरण के समान थीं, जिसे अँधेरा बार-बार ग्रसने की चेष्टा करता रहा। अपने उत्कृष्ट विचारों एवं नैतिक आचरण के चलते ही समाज में उन्हें देवी का दर्जा मिला।

## सेनापति के रूप में

मल्हारराव के भाई-बन्दों में तुकोजीराव होल्कर एक विश्वासपात्र युवक थे। मल्हारराव ने उन्हें भी सदा अपने साथ में रखा था और राजकाज के लिए तैयार कर लिया था। अहिल्याबाई ने इन्हें अपना सेनापति बनाया और चौथ वसूल करने का काम उन्हें सौंप दिया। वैसे तो उम्र में तुकोजीराव होल्कर अहिल्याबाई से बड़े थे, परन्तु तुकोजी उन्हें अपनी माता के समान ही मानते थे और राज्य का काम पूरी लगन ओर सच्चाई के साथ करते थे। अहिल्याबाई का उन पर इतना प्रेम और विश्वास था कि वह भी उन्हें पुत्र जैसा मानती थीं। राज्य के कागजों में जहाँ कहीं उनका उल्लेख आता है वहाँ तथा मुहरों में भी खण्डोजी सुत तुकोजी होलकर इस प्रकार कहा गया है।

## मृत्यु

राज्य की चिन्ता का भार और उस पर प्राणों से भी प्यारे लोगों का वियोग। इस सारे शोक-भार को अहिल्याबाई का शरीर अधिक नहीं संभाल सका। और 13 अगस्त सन् 1795 को उनकी जीवन-लीला समाप्त हो गई। अहिल्याबाई के निधन के बाद महाराजा तुकोजी राव ने राज्य की शासन व्यवस्था को संभाला। स्वतन्त्र भारत में अहिल्याबाई होल्कर का नाम बहुत ही सम्मान के साथ लिया जाता है। इनके बारे में अलग अलग राज्यों की पाठ्य पुस्तकों में अध्याय मौजूद हैं। चूँकि अहिल्याबाई होल्कर को एक ऐसी महारानी के रूप में जाना जाता है, जिन्होंनें भारत के अलग अलग राज्यों में मानवता की भलाई के लिये अनेक कार्य किये थे। इसलिये भारत सरकार तथा विभिन्न राज्यों की सरकारों ने उनकी प्रतिमाएँ बनवायी हैं और उनके नाम से कई कल्याणकारी योजनाओं भी चलाया जा रहा है। ऐसी ही एक योजना उत्तराखण्ड सरकार की ओर से भी चलाई जा रही है। जो अहिल्याबाई होल्कर को पूर्ण सम्मान देती है। इस योजना का नाम 'अहिल्याबाई होल्कर भेड़ बकरी विकास योजना है। अहिल्याबाई होल्कर भेड़ बकरी पालन योजना के तहत उत्तराखणवड के बेरोजगार, बीपीएल राशनकार्ड धारकों, महिलाओं व आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को बकरी पालन यूनिट के निर्माण के लिये भारी अनुदान राशि प्रदान की जाती है। लगभग 1,00,000 रूपये की इस युनिट के निर्माण के लिये सरकार की ओर से 91,770 रूपये सरकारी सहायता रूप में अहिल्याबाई होलकर के लाभार्थी को प्राप्त होते हैं।

# सुख की उपेक्षा क्यों?

मेरे पास लोग आते हैं। जब वे अपने दुख की कथा रोने लगते हैं, तो बड़े प्रसन्न मालूम होते हैं। उनकी आंखों में चमक मालूम होती है। जैसे कोई बड़ा गीत गा रहे हों! अपने घाव खोलते हैं, लेकिन लगता है जैसे कमल के फूल ले आए हैं। सुख की तो कोई बात ही नहीं करता। और ऐसा नहीं है कि सुख नहीं है; हम सुख पर पर ध्यान नहीं देते हैं। हम दुस्ख-दुख चुन लेते हैं; हम सुख की उपेक्षा कर देते हैं। फिर जिसकी उपेक्षा कर देते हैं, स्वभावतः धीरे-धीरे वह दूर चला जाता है और जिसमें हम रस लेते हैं वह पास होता चला जाता है। संतों की बात तुम्हें तभी जमेगी, रुचेगी, भली लगेगी, प्रीतिकर मालूम होगी-जब तुम दुख को पकड़ना छोड़ दोगे; जब तुम जागोगे और सुख की सचेष्ट खोज शुरू करोगे। तुम्हारे भीतर अगर अभी भी दुख को पकड़ने का आयोजन चल रहा है, तो संतों के वचन तुम्हारे कानों में गूजेंगे और खो जाएंगे। तुम्हारे हृदय तक नहीं पहुंचेंगे। क्योंकि संतों के वचनों में बड़ा सुख भरा है। तुम सुखोन्मुख हो जाओ, तुम आनंद की खोज में लग जाओ; तो ये एक-एक शब्द ऐसे जाएंगे तुम्हारे भीतर जैसे तीर चले जाएं। और ये एक-एक शब्द तुम्हारे भीतर ऐसे-ऐसे हजार-हजार फूल खिला देंगे, जैसे कभी न खिले थे। तुम्हारे भीतर बड़ी रोशनी होगी। ये छोटे-छोटे शब्द हैं। मगर ये बड़े सार्थक शब्द हैं। सुनो- 'बोलू हरिनाम तू छोड़ि दे काम सब, सहज में मुक्ति होई जाय तेरी।काम यानी कामना। काम यानी वासना। काम यानी इच्छा, तृष्णा। यह मिले वह मिले-कुछ मिले! जब तक हम मिलने की दौड़ में होते हैं, हम भिखमंगे होते हैं। और जब तक हम भिखमंगे होते हैं, तब तक परमात्मा नहीं मिलता। परमात्मा भिखमंगों को मिलता ही नहीं। परमात्मा सम्राटों को मिलता है। परमात्मा उनको मिलता है जो अपने मालिक है।

# तीन बार मौत को जीतने वाले सरस्वती पुत्र निशंक !

डॉ श्रीगोपाल नारसन

देश के शिक्षा मंत्री और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की गिनती राजनेताओं में कम व साहित्यकारों में अधिक होती है।वे विपक्षी नेताओं से बेवजह की दूरी भी बनाकर नही रखते।उनके लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत बड़े भाई है तो मुझ जैसे साधारण लेखक को वे अपना छोटा भाई मानते है।चाहे पद पर हो या फिर पद से परे,लेकिन वे अपनो से सवांद जारी रखते है।दुःख सुख में भागीदार बनते है।अपनी सुनाते है तो दूसरों की सुनते भी है।सम्बन्धों में उनके विचारधारा कभी आड़े नही आती।जिसके पीछे उनका संवेदनशील होना काम करता है।यह सच है राजनीति एक काजल की कोठरी जैसी है जिसमे बेदाग रहना बेहद कठिन है।परन्तु सरस्वती पुत्र के रूप में उस कालिख को भी धोया जा सकता है जो जाने अनजाने राजनीति में अनायास आ जाती है।मैं कह सकता हूं कि अगर डॉ निशंक का आंकलन हिंदी सेवा,साहित्यिक अवदान, सृजन शीलता के लिए किया जाए तो उन्होंने बहुतों को पीछे छोड़ दिया है।उनकी उपलब्धियों में सबसे बड़ी उपलब्धि उनका साधारण होना है।डॉ रमेश पोखरियाल निशंक का बचपन अत्यंत गरीबी में बीता। उत्तराखंड में पौड़ी गढ़वाल जिले के पिनानी गांव में जन्मे निशंक की प्राथमिक शिक्षा में ही हुई।मेहनतकस पिता एक मामूली कर्मचारी थे,तो मां पर्वतीय मूल की उन संघर्षो में रची बसी महिला थी जिसे घर के कामकाज से लेकर मवेशियों के लिए चारा लाने तक की जिम्मेदारी निभानी पड़ती थी।निशंक मां के कामो में हाथ बटाते थे।घर मे कच्चे फर्श पर गोबरी लीपने से लेकर जंगल से मां के साथ जाकर घास लाने का जिम्मा निशंक ने बखूबी निभाया।वही प्रतिदिन लगभग 15 किमी पैदल पहाड़ी रास्ता तय करके स्कूल जाना उनकी दिनचर्या में शामिल था। इस दौरान दो बार उनका मौत से सामना भी हुआ। एक बार वे पहाड़ी नदी में बह गए थे ,जिसपर कुछ महिलाओं की मदद से उन्हें नदी से निकाला गया। दूसरी बार सर्दियों में स्कूल जाते हुए अचानक सामने बाघ आ गया।बाघ सामने देख उन्होंने ने अपनी मृत्यु निश्चित मान ली थी और डर के मारे चुपचाप



खड़े रहे। पांच मिनट बाद बाघ खुद ही जंगल की ओर चला गया।इसी तरह बीते कोविड प्रकोप में डॉ निशंक मौत को हराकर ही फिर से उठ खड़े हुए है।इसे एक चमत्कार या फिर परमात्मा की कृपा कहे तो गलत नही होगा।डॉ निशंक ने पढ़ाई के बाद एक शिशु मंदिर में शिक्षण कार्य किया और साहित्यिक गतिविधियों में भी सक्रिय बने रहे। जिस समय डॉ. शंकर दयाल शर्मा देश के उप राष्ट्रपति थे, उस समय उन्होंने निशंक की पहली पुस्तक %समर्पण% का लोकार्पण किया था।रमेश पोखरियाल नाम के साथ %निशंक% उपनाम कोटद्वार की साहित्यांचल संस्था ने वर्ष 1990 में दिया था। निशंक ने पत्रकारिता की शुरुआत मेरी ही तरह %दैनिक जागरण% से की थी।उन्होंने कोटद्वार में हिमालयी सरोकारों पर आधारित पत्रिका %नव राह व नव चेतना% प्रकाशित कराई और फिर सन 1986 में सीमांत वार्ता समाचार पत्र का प्रकाशन आरंभ किया।सन 1990 में अटल बिहारी वाजपेयी की नज़र निशंक पर पड़ी तो उन्होंने कर्णप्रयाग विधानसभा सीट से उन्हें चुनाव मैदान में उतार दिया।उनके सामने उनके मामा उस समय के दिग्गज कांग्रेस नेता डॉ. शिवानंद नौटियाल थे , परिवार नही चाहता था कि वे शिवानन्द नौटियाल के विरुद्ध चुनाव मैदान में उतरे,लेकिन बाद में इस आश्वासन पर कि चुनाव में शिवानन्द जी के खिलाफ एक शब्द नही बोलेंगे, उन्हें मामा के विरुद्ध चुनाव लड़ने की अनुमति मिली और निशंक ने शिवानन्द जी को हराकर पहली जीत दर्ज की।वे पहले उत्तर प्रदेश और फिर उत्तराखंड विधानसभा के कई सदस्य रहे। सन 1997 व सन 1999 में उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री, सन 2000 में अलग राज्य बनने के बाद उत्तराखंड की अंतरिम सरकार में कैबिनेट मंत्री और फिर सन 2007 में भी उत्तराखंड सरकार में कैबिनेट मंत्री बने। सन 2009 में वे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बने और इस पद पर लगभग सवा दो साल तक रहे। सन 2014 में हरिद्वार सीट से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए और पूरे पांच साल लोकसभा की सरकारी आश्वासन समिति के सभापति के रूप में दायित्व संभाला। हरिद्वार से लगातार दूसरी बार लोकसभा के लिए निर्वाचित होकर वे देश के शिक्षा मंत्री बने,लेकिन कोविड बीमारी के कारण उन्हें यह दायित्व बीच मे ही छोड़ना पड़ा।

## सूडोकु नवताल- 6173

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6172 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

(दो टूक) बारिश, बाढ़ से होती तबाही और हमारी असहाय व्यवस्था (लेखक- योगेश कुमार गोयल / ईएमएस )



मानूसन की शुरूआत से ही इस साल देश के कई राज्य भारी बारिश और बाढ़ के कहर से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, जहां के हालातों को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है, मानो मानूसन के दौरान बाढ़ के कहर को झेलना अब लोगों की नियति बन गया है। प्रतिवर्ष निर्मित होने वाली ऐसी परिस्थितियों को लेकर अब इन राज्यों के नीति नियंताओं की सेहत पर कोई फर्क पड़ता नहीं दिखता। पर्वतीय क्षेत्रों हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर इत्यादि में तो इन दिनों आसमानी आफत बरस रही है और भारी बारिश के कारण तबाही का मंजर साफ देखा जा रहा है। 20 अगस्त को ही भारी बारिश, बाढ़, भूस्खलन तथा बादल फटने की घटनाओं के कारण इन राज्यों में 30 से भी ज्यादा लोग मारे गए। उत्तराखंड के देहरादून जिले के एक गांव में 20 अगस्त की सुबह बादल फटने से काफी तबाही हुई। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में चक्की नदी पर अचानक आई बाढ़ से शनिवार को पंजाब और हिमाचल को जोड़ने वाला रेलवे का क्षतिग्रस्त चक्की पुल ढ़ह गया। हिमाचल के कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर, सिरमौर, मंडी जिलों में भी तबाही की काफी तस्वीरें सामने आई हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड इत्यादि कुछ अन्य राज्यों में भी लोग भारी बारिश और बाढ़ से बेहाल हैं।

एक तरफ जहां उत्तर भारत के कुछ राज्य सूखे की आशंका से सहमे हैं, वहीं बीते कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से कई राज्यों में विभिन्न नदियों के जलस्तर में होती वृद्धि से कई तटीय इलाके भी बाढ़ की आंशका से सहमे हैं और कुछ इलाके तो पूरी तरह जलमग्न हैं। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि देश की राजधानी दिल्ली में अब चंद घंटों की बारिश से ही बाढ़ जैसे हालात बन जाते हैं, वहीं देशभर में कई दूसरे राज्यों में भी अब कुछ घंटों की लगातार बारिश से ही नदियां और बरसाती नालों में उफान आ जाता है। पहाड़ों में निरन्तर हो रही बारिश से उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के कई जिलों में नदियां इस समय पूरे उफान पर हैं और बैराजों पर पानी की बढ़ोतरी होने पर सम्पर्क नदियों में पानी डिस्चार्ज करना पड़ रहा है। उड़ीसा के उत्तरी हिस्सों में भी बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। पहले से ही बाढ़ मार झेल रहे उड़ीसा के करीब 500 गांवों में लगभग चार लाख लोग फंसे हुए हैं। देशभर में भारी बारिश और बाढ़ के कारण कई इलाकों में सड़कों पर आवागमन ठप्प है। कई क्षेत्रों में तो अनेक गांवों के बाढ़ की चपेट में आने के कारण प्रशासन को सड़कों पर नावें चलानी पड़ रही हैं।

पिछले साल भी कमोवेश ऐसे ही हालात थे और जब ऐसी परिस्थितियां निर्मित होने पर तमाम सरकारी दावों की कलई खुलती है तो जिम्मेदार लोगों द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ने का प्रयास किया जाता है कि यह महज प्राकृतिक आपदा है और प्रशासन द्वारा इससे निपटने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तो बिहार में भयानक बाढ़ को हमेशा ही प्राकृतिक आपदा बताकर पल्ला झाड़ते रहे हैं। करीब दो साल पहले बिहार के गोपालगंज में 264 करोड़ रुपये की लागत से बने पुल का एक हिस्सा सरकारी निकम्मेपन के कारण ढ़ह गया था। हैरत की बात तो यह थी कि उस पुल का ऑनलाइन उद्घाटन 16 जून 2020 को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया था और महज 29 दिनों बाद पुल ढ़ह जाने से पुल के निर्माण पर खर्च हुए 264 करोड़ रुपये पानी में बह गए थे। उस वक्त भी राज्य के तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री ने गैरजिम्मेदाराना बयान देते हुए कहा था कि ऐसी प्राकृतिक आपदाओं में अक्सर सड़कें बह जाती हैं और पुल टूट जाते हैं।

महत्वपूर्ण सवाल यही है कि आखिर प्रतिवर्ष विभिन्न राज्यों में मानूसन के दौरान ऐसी ही स्थितियां सामने आने के बावजूद समय रहते ऐसे कदम क्यों नहीं उठाए जाते ताकि बाढ़ से जान-माल के खतरे को न्यूनतम किया जा सके? क्यों

# मित्रता पर कुंडलिया

प्रो.शरद नारायण खरे

भूलो बिलकुल भी नहीं,मित्र निभाता साथ।
हर मुश्किल में संग है,नहीं छोड़ता हाथ।।
नहीं छोड़ता हाथ,लड़े वो सारे जग से।
रखे छुपा सब राज़,सुपरिचित वह रग-रग से।।
मिले मित्र का साथ,खुशी से झूला झूलो।
सदा रखो आभार,मित्र को कभी न भूलो।।

भूलो ना उपकार तुम,मानो नित अहसान।
हरदम ही देते रहो,मित्रों को तुम मान।।
मित्रों को तुम मान,बताता अच्छा रस्ता।
मित्र सदा अनमोल,नहीं किंचित भी सस्ता।।
मित्र मिलें जब ख़ास,सभी को सदा कुबूलो।
सबसे बढ़कर मित्र,सत्य यह नहिं तुम भूलो।।

भूलो ना यह बात तुम,जीवन में अँधियार।
तब आता है मित्र ही,बनकर के उजियार।।
बनकर के उजियार,मित्र निज फर्ज़ निभाता।
हर दुख करके दूर,खुशी के नग़मे गाता।।
निभा मित्र का साथ,मूल्य को नहीं वसूलो।
मित्र सदा यशगान,बात कोई ना भूलो।।

भूलो ना तुम मित्रता,जो होती वरदान।
एकाकी इंसान का ,हो जाता अवसान।।
हो जाता अवसान,मनुज तब दुख ही पाता।
बिना मित्र के शोक,मनुज बेहद पछताता।।
मित्र न छोड़े साथ,आज उसका दिल छू लो।
सबसे ऊपर मित्र,सत्य भाई ना भूलो।।

भूलो ना इस सार को,मित्र बड़ा उपहार।
मित्र मिले तो लें समझ,जीवन पाया सार।।
जीवन पाया सार,फूल खिलते तब उपवन।
मित्र रखे सुविचार,महकता घर और आँगन।
पर रखना यह याद,मित्र को पहले तूलो।
तभी बढ़ाना हाथ,कभी तुम यह ना भूलो।।

भूलो ना भगवान ने,बिना रक्त संबंध।
रचकर के तो मित्रता,दिया नेह का बंध।।
दिया नेह का बंध,बिना स्वारथ के नाता।
पर है जो मज़बूत,सदा ही दृढ़ता पाता।।
पाकर साँचे मित्र,सदा धनिको सा फूलो।
मित्र सदा हमराज,सत्य यह कभी न भूलो।।

# चंबल में बाढ़ से एक सैकड़ा गांव पानी में डूबे, मऊ खेड़ा गांव में पहुंचा लोगों को निकालने हेलीकॉप्टर





### -पुराने पुल पर जहां चेकपोस्ट और मंदिर थे वह भी डूबे, अब ग्रामीण कर रहे त्राहि-त्राहि

**मुरैना।** पिछले कुछ दिनों से कोटा बैराज से लगातार चंबल नदी में छोड़े जा रहे पानी के चलते बाढ़ आ गई है और लगभग एक सैकड़ा गांव पानी में डूबने की कगार पर पहुंच गए हैं। गुरुवार की दोपहर मऊखेड़ा गांव में डूब रहे लोगों ने मदद मांगी तो राज्य सरकार ने हेलीकॉप्टर भेज दिया और वहां से लोगों को निकालकर टाउन हॉल मुरैना में शिफ्ट किया जा रहा है। चंबल में बढ़ता जलस्तर चंबल की विहंगम तस्वीर को प्रदर्शित कर रहा है और चहूंओर पानी ही पानी दिखाई दे रहा है। प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस राहत कार्य में जुटी हुई है। चंबल नदी में पानी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और कोटा बैराज से प्रत्येक घंटे में धीरे-धीरे बैलेंस बनाते हुए चंबल नदी में पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे चंबल उफान पर है और आसपास के एक सैकड़ा गांव पानी में डूबते दिखाई दे रहे हैं। चंबल में पानी का जलस्तर बढ़ते देख प्रशासन एवं पुलिस के अधिकारी पहले से ही चंबल किनारे बसे गांव में ग्रामीण लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के प्रयास करते रहे, परंतु यहां रहने वाले ग्रामीण अपना घर छोड़ने को तैयार नहीं थे और अब जब जान पर बन आई तो मदद के लिए गुहार लगा रहे हैं। इस कारण अब प्रशासन एवं पुलिस को राहत बचाव कार्य में परेशानी हो रही है। गुरुवार की दोपहर को जब स्थिति ज्यादा बिगड़ने लगी और लोग बचाने के लिए अधिकारियों को कॉल लगा रहे थे, तब यह खबर राज्य सरकार के पास पहुंची चंबल के किनारे बसे मऊखेड़ा गांव में लोगों के फंसे होने के चलते राज्य सरकार द्वारा हेलीकॉप्टर रवाना किया गया, जो गांव से 20-20 की संख्या में लोगों को निकालकर मुरैना टाउन हॉल में पहुंचाया जा रहा है, यहां उनके खाने-पीने की व्यवस्था बनाई जा रही है। चंबल में बाढ़ के चलते पुराना पुल तो 2 दिन से दिखाई ही नहीं दिया और अब जहां चेकपोस्ट हुआ करती थी तथा मंदिर बने हुए थे, वह भी अब पानी में डूब गए हैं और दिखाई नहीं दे रहे। चंबल में बढ़ रहे जलस्तर को देखने के लिए लोगों की भीड़ नवीन सड़क पुल पर लगी हुई है और वह इस विहंगम दृश्य को सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं। चंबल में लगातार बढ़ रहा जल चंबल भरकों में पहुंच गया है और आसपास लगभग एक किलोमीटर तक एरिया में स्थिति बिगड़ती हुई नजर आ रही है।



### शाम 4 बजे तक जलस्तर 146.50 पर पहुंचा

चंबल नदी में कोटा बैराज से छोड़े जा रहे पानी के कारण बीती रात से ही जलस्तर बढ़ रहा है। रात 12:10 बजे 144.70 सुबह 6:00 बजे 145.50, सुबह 8:00 बजे 145.80, दोपहर 12:00 बजे 146.20, दोपहर 2:00 बजे 146.40 शाम 4:00 बजे 146.50 पर पहुंच गया है। बाढ़ कंट्रोल रूम के अनुसार अभी भी पानी लगातार छोड़ा जा रहा है तथा यह तबाही मचा सकता है। लोगों का मानना है कि लगातार बढ़ रहे जलस्तर से अब नए पुल की ओर भी खतरा बढ़ने लगा है।

### -कलेक्टर के दावा फैल, टूटा 1996 का रिकॉर्ड

गत दिवस मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के समक्ष कलेक्टर मुरैना ने दावा किया था कि गुरूवार को चम्बल का जलस्तर घट जायेगा, जब कि कलेक्टर मुरैना के इस दावे के बाद से लगातार जलस्तर बढ रहा है। वर्तमान में चम्बल इस बढते जलस्तर से अपने ही 1996 के रिकॉर्ड को तोडकर पल-प्रतिपल नए रिकॉर्ड दर्ज कर रही है।

## किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पहुंचे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में

**मुरैना।** किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह डंगस चंबल के किनारे बसे बाढ़ ग्रस्त गांव भानपुर, जेतपुर, बरवासिन सहित अन्य गांव मैं पहुंचे। कांग्रेस नेता ने बताया कि चंबल का जल स्तर बढ़ रहा है और लोगों के फोन मदद के लिए आ रहे थे, लोग परेशान थे, कांग्रेस नेता तुरंत अपनी टीम के साथ भानपुर, जेतपुर पहुंचे और लोगों से बातचीत कर प्रशासनिक मदद के बारे में जानकारी ली।

ग्रामीणों ने कांग्रेसी नेता को बताया कि प्रशासन उनकी कोई मदद कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पशुओं के लिए चारा की कोई व्यवस्था नहीं है, लोगों के घरों में पानी लावलाव भर गया है, घर पूरी तरह डूब चुके हैं। घरों की छतों पर बैठने के लिए भी जगह नहीं बची है, किसानों की फसले पूरी तरह पानी में डूब चुकी हैं, वह लोग जैसे-तैसे अपनी और अपने बच्चों व पशुओं की जान बचाकर ऊंचे स्थानों पर पहुंच रहे हैं। इस दौरान श्री डंगस ने चंबल पुल पर तैनात पुलिस कर्मियों से भी बातचीत की और आग्रह किया कि इस दुःख की घड़ी में आप लोग भी इनके लिए तिनके की तरह सहारा बन कर काम करे। जिलाध्यक्ष ने ग्रामीण किसानों को भरोसा दिलाया कि उनको ज्यादा से ज्यादा



मुआवजा दिलाने में उनकी पूरी मदद करेंगे और प्रसासनिक अधिकारियों से बात कर उन्हें सहायता दिलायेंगे।

## अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर 23 वें दिन भी भूख हड़ताल पर बैठे नागरिक

**कैलारस।** ब्रॉडगेज के निर्माण कार्य में नगर के अंतर्गत आधी आबादी को अस्पताल, शमशान और कब्रिस्तान के लिए रास्ता देने की के लिए अंडर ब्रिज बनाने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन जारी है। इस मामले में मंत्री गणों, अधिकारी गणों को लगातार ज्ञापन/आवेदन भेजे गए हैं व बड़ी संख्या में महिला और पुरुष आंदोलन कर मांग कर रहे हैं कि कृष्ण मार्ग के सामने अंडर ब्रिज बनाया जाए। इस संबंध में कलेक्टर मुरैना द्वारा भी



उप महाअभियंता उत्तर मध्य रेलवे को पत्र भेजा है। उक्त मांग के क्रम में गुरूवार को भूख हड़ताल पर बैठने वालों में वयोवृद्ध अनार सिंह सिकरवार, हल्केराम जाटव, गौरव शाक्य, नरेश रजक प्रमुख रहे। नागरिकों ने सरकार और प्रशासन से मांग की है कि लोकहित को दृष्टिगत रखते हुए अस्पताल के सामने अंडर ब्रिज अवश्य बनाया जाए। अंडर ब्रिज की स्वीकृति तक नागरिकों ने आंदोलन जारी रखने का भी निर्णय लिया है। अभी तक सरकार और प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही नहीं की गई है, जब कि नागरिक भी सत्याग्रह और आंदोलन के रास्ते को आगे ले जाने के लिए कृत संकल्पित हैं।

## मिलावटी गुड़ कारखाने पर खाद्य विभाग एवं पुलिस का छापा

### 60 ि ंटल बरामद, पुलिस कर रही मामले की जांच

**मुरैना।** लगभग 10 वर्षों से मिलावटी गुड़ का कारोबार करने वाले एक व्यापारी के कारखाने पर गुरुवार की दोपहर खाद्य विभाग एवं पुलिस की टीम ने छापा मारा और भारी मात्रा में खराब गुड़ बरामद किया गया। खाद्य विभाग द्वारा गुड़ एवं शक्कर के सैंपल जांच हेतु भोपाल जा रहे हैं, तो वहीं कारखाने को संचालित करने वाले अंकित मित्तल के विरुद्ध सिटी कोतवाली में एफ आई आर दर्ज कराई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की दोपहर को खाद्य विभाग के अधिकारियों को सूचना मिली की राठौर कॉलोनी सतीपुरम के पास एक कारखाने में मिलावटी गुड बनाने का कारोबार लंबे समय से चल रहा है। सूचना पर खाद्य औषधि निरीक्षक डीके जैन एवं अन्य इंस्पेक्टर वहां पहुंचे तथा मामला बड़ा देखते हुए पुलिस को बुला लिया। पुलिस की मौजूदगी में अधिकारियों ने कार्यवाही की और कारखाने से लगभग 40 क्विंटल मिलावटी एवं खराब गुड़ तथा 20 कुंटल अच्छा गुड़ बरामद किया तो वहीं घटिया किस्म की शक्कर भी बरामद हुई है। मोहल्ले के लोगों के अनुसार कुछ केमिकल भी पकड़ा गया है, लेकिन अधिकारियों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। बरामद गुड़ की कीमत लाखों रुपए बताई गई है और यह भी पता चला



है कि कारखाने का संचालक अंकित गोयल पिछले 10 वर्षों से मिलावटी गुड़ का कारोबार कर रहा है तथा तेलीपाड़ा एवं सिकरवारी बाजार के कॉर्नर पर मिलावटी गुड़ बेचने का कार्य करता है। फिलहाल खाद्य निरीक्षक द्वारा गुड़ एवं शक्कर के सैंपल जांच हेतु भोपाल भेजे जा रहे हैं और आरोपी के विरुद्ध सिटी कोतवाली में एफ आई आर दर्ज कराई गई है।

## कंसाना पहुंचे बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में, अधिकारियों को दिए निर्देश

**मुरैना।** कोटा-बैराज से छोड़े गये पानी का असर चंबल नदी के साथ-साथ आस-पास के समूचे इलाके पर देखने को मिल रहा है। कोटा वैराज से पानी आने के बाद चंबल नदी खतरे के निशान से 8 मीटर ऊपर बह रही है। जिससे नदी के आस-पास बसे गांव को प्रशासन द्वारा खाली करा लिया गया है। बाढ पीड़ित ग्रामीणों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।



गुरूवार को बाढ पीड़ित क्षेत्र का जायजा लेने मप्र पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रघुराज सिंह कंषाना पहुंचे। श्री कंषाना ने यहां पहुंचकर ग्रामीणों से चर्चा करते हुये उनके रहने-खाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और प्रशासनिक अधिकारियों को समुचित व्यवस्था करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार की सुरक्षा करना हमारा दायित्व है। इस संकट की घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं। शासन-प्रशासन स्तर पर हर संभव मदद पहुंचाई जायेगी।

## पत्रकारों की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा जल्द होगा का समाधान

**मुरैना।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के दौरा कार्यक्रम में मुरैना जिले के पत्रकारों ने काली पट्टी बांध कर बाढ़ प्रभावित इलाके मैं कवरेज किया और साथ ही मुख्यमंत्री से मुरैना कलेक्टर बी कार्तिकेयन द्वारा पत्रकारों से की गई अभद्रता के विरोध में मुरैना से हटाने की मांग की। इस दौरान पत्रकारों ने काली पट्टी बांधकर मुख्यमंत्री के समक्ष कलेक्टर के विरोध में प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर तत्काल मुरैना कलेक्टर को हटाने तक



तथा जिले की जनता को न्याय दिलाने की मांग की। पत्रकारों की मांग पर से मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही आपकी समस्या का समाधान होगा। ज्ञात हो कि मुरैना जिले में पत्रकार पिछले 20 दिन से लगातार कलेक्टर भी कार्तिकेयन के अभद्र व्यवहार के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन कर उसे मुरैना से हटाने की मांग राज्य सरकार से कर रहे हैं। इस संबंध में पत्रकारों द्वारा क्रम से आंदोलन कर मुख्यमंत्री और राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री के मुरैना बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के भ्रमण के दौरान उन्हें ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर को हटाने की मांग की, जिस पर मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है वह जल्द ही पत्रकारों की समस्या का समाधान करेंगे।

## जैन मिलन महिला ने किया टिफिन पार्टी का आयोजन

**मुरैना।** भारतीय जैन मिलन मुरैना ने टिफिन पार्टी के अंतर्गत चंबल कॉलोनी के पार्क मे जाकर सर्वप्रथम पौधरोपण किया, तत्पश्चात सभी ने मिलकर स्कूल टाइम के कुछ खेल भी खेले जैसे- वालीबॉल, पोषम्पा इत्यादि। उसके बाद सभी बहनों ने अपने-अपने घर से बनाकर लाए हुए स्वादिष्ट व्यंजन को मिल बाँट कर खाया जिसमें दही बड़े, पानी की टिक्की, केले बड़े, पूडी छोले, आलू पूडी, मगोडे, सूजी का हलवा, फ्राई इडली, समोसे, इमरती, चाय इत्यादि स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी ने मजा लिया और जमकर मौजमस्ती की। मौके पर मौजूद जैन मिलन महिला की सदस्यों ने बताया कि स्कूल टाइम में मां के हाथ का टिफिन लेकर जाया करते थे, आज हम सभी सदस्यों ने खुद अपना टिफिन बनाकर लेकर आऐ। सभी सदस्यों ने कहा कि आगे भी हम इस तरह के आयोजन करते रहेंगे और अपनी एकता का परिचय देते रहेंगे। जैन महिला मिलन की क्षेत्रीय चेयरमैन सरिता जैन ने बताया कि भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 के निर्देश अनुसार अगस्त माह में



13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान, पौधरोपण, टिफिन पार्टी और मासिक मीटिंग का आयोजन 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान, विधासागर सर्वोदय पाठशाला के बच्चों को और वृध्दाआश्रम में मिष्ठान वितरण और जैन मिलन महिला को तिरंगा वितरण किया गया। इसी क्रम में पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय चेयरमैन सरिता जैन, अध्यक्ष बबिता जैन, सचिव राखी जैन, कोषाध्यक्ष शीतल जैन, शिल्पी जैन, दीपा जैन, श्वेता जैन, कल्पना जैन, बबिता जैन, जुली जैन, पारुल जैन और छोटे बच्चे भी माँ के साथ टिफिन पार्टी में उपस्थित रहें।

# पुलिस से सांठगांठ कर जमीन हथियाने की कोशिश करने का आरोप



**सागर शर्मा संवाददाता पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के शब्द प्रताप आश्रम भूतेश्वर मंदिर के पीछे रहने वाले 4 लोगों ने एक दबंग व्यक्ति पर पुलिस से सांठगांठ कर जमीन हथियाने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। यहां रहने वाले 4 दलित और पिछड़े वर्ग के परिवारों गुरुवार को मीडिया कर्मियों से मुखातिब होते हुए कहा कि वे तीन पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं।

पूर्व में यह जमीन सिंधिया देवस्थान ट्रस्ट से क्रय की गई थी। धर्मेंद्र सिंह रावत और एक अन्य प्रार्थी शंकर सिंह जाटव के पक्ष में कोर्ट ने फैसला दिया था। लेकिन इस जमीन को अब राम निवास शर्मा ने रजिस्टर्ड विक्रय पत्र से सुरेश चतुर्वेदी से खरीदने का दावा कर रहा है ।जबकि सुरेश चतुर्वेदी द्वारा उक्त संपत्ति सिंधिया देवस्थान ट्रस्ट से 23 अक्टूबर 2004 को क्रय करना बताया गया है। रामनिवास शर्मा ने इस मामले में एक परिवाद भी न्यायालय में दायर कर रखा है जो विचाराधीन है ।दलित और पिछड़े वर्ग के परिवारों का कहना है कि रामनिवास न्यायालयीन प्रक्रिया में उनसे जीत नहीं सका तो उसने पुलिस थाना बहोड़ापुर के साथ अपने चौकीदार के जरिए मिलकर 14 अगस्त को उनके खिलाफ लूट मारपीट और धमकाने का मुकदमा दर्ज करा दिया, जिसकी उन्हें खबर पुलिस द्वारा कोर्ट में चालान पेश करने के बाद लगी । इसी तरह से रामनिवास ने इंदरगंज थाने में भी उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इन्हीं सब थानों के झूठे प्रकरण के कारण हमारे पिताजी को जेल जाना पड़ा और उनको हार्ड अटैक आ जाने के कारण उनकी मृत्यु हो गई, अब इन परिवारों के सभी लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की किसी निष्पक्ष अधिकारी से जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि भू माफिया के शोषण से उन्हें मुक्त कराया जाये।



## शिवपुरी में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप में 51 युवाओं का हुआ चयन

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के तहत एवं मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आज 26 नं.कोठी शिवपुरी में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर भर्ती कैंप आयोजित किया गया। कैंप में गांवों से 161 शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों ने पंजीयन करवाया जिसमें से एसआईएस इंडिया लिमिटेड नीमच के वरिष्ठ भर्ती अधिकारी सुरेन्द्र कुमार एवं राकेश तोमर द्वारा आवश्यक मापदंड के अनुसार 51 युवाओं का चयन किया। इन चयनित युवाओं को नीमच में 1 माह के प्रशिक्षण उपरांत 65 वर्ष तक की स्थाई नौकरी दी जाएगी। औद्योगिक क्षेत्रों में चित्तौड़ का किला, दिल्ली का लाल किला, ग्वालियर का किला, झांसी का किला, खजुराहो मंदिर, आगरा का ताजमहल, सांची का स्तूप, एसबीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक 12000 से 15000 तक की सुविधाएं पीएफ, पेंशन, ग्रेच्युटी, इंश्योरेंस मेडिकल, बीमा, प्रमोशन, सालाना वेतन वृद्धि, दो बच्चों की पढ़ाई अंतरराष्ट्रीय स्तर के आईपीएस स्कूल देहरादून में करवा सकते हैं।

# वार्ड क्रमांक 13 की आंगनवाड़ी सोनीपुरा केंद्र पर कचरा का अपार भंडारा बच्चों के साथ खिलवाड़ जिम्मेदार अधिकारी मौन

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे अरुण खंगार**

**पोहरी,** वार्ड क्रमांक 13 की आंगनबाड़ी की यह दुर्दशा जिसका कोई आंकलन नहीं किया जा सकता इस आंगनवाड़ी केंद्र पर कचरा का भंडार लगा हुआ है एवं नजदीकी ही आंगनबाड़ी केंद्र है जहां पर बच्चे इस कचरे के प्रदूषण से बीमार होने का खतरा बना रहता हैं जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हुए हैं इस पर आंगनवाड़ी केंद्र पर किसी जिम्मेदार अधिकारी ने अभी तक यह कचरा साफ नहीं करवाया है

### इनका कहना है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री सेन

मैं नहीं सभी जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत कराया है परंतु सिर्फ आश्वासन दिया जाता है की जल्द से जल्द आंगनबाड़ी केंद्र का कचरा साफ करा दिया जाएगा परंतु आज तक आंगनबाड़ी केंद्र वैसा का वैसा डाला हुआ है आए दिन कचरी की बदबू से बच्चे बीमार पड़ होने की संभावना रहती है कोई जिम्मेदार अधिकारी इस पर ध्यान ही नहीं देता हमारे संवाददाता ने जब इस विषय पर जानकारी लेना चाहि तो महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी नीरज सिंह गुर्जर ने कहा सफाई व्यवस्था कार्य हेतु अवगत करा दिया जाएगा एवं नगर परिषद सीएमओ ने फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा




# लाइवलीहुड कॉलेज कोंडागांव के द्वारा किया गया एक दिवसीय रोजगार मेला

**अनिता देवागन ब्यूरो चीफ बस्तर संभाग**

**कोंडागांव।** कोंडागांव के लाइवलीहुड कॉलेज में एक दिवसीय रोजगार मेला लगाया गया। जहां पढ़े-लिखे नवयुवकों के लिए रोजगार ढूंढने में आसानी हुई। जहां नवयुवकों को रोजगार देने आठ से दस संस्थाएं आई हैं। जो नवयुवक अलग-अलग विषयों में उत्तीर्ण हैं और अनुभवी हैं उन आधारों पर जो रोजगार उपलब्ध कराए जा रहे हैं, और इनकी प्राइमरी जानकारी भी दी जा रही है। यहां आने वाले समय में कौन-से विषय में पढ़ाई करने में कौन-सी नौकरी मिलती है उसकी भी यहां जानकारी दी गई। यहां रोजगार के इच्छुक को सवाल पूछा गया कि उनकी इस नौकरी में कितनी रुचि है, क्या बाहर निकल कर काम कर सकते हैं, क्या अपने गांव या शहर से बाहर नौकरी का सकते हैं और अन्य प्रकार के सवाल जो नौकरी के इच्छुक हैं उनसे किए गए। यहां पर बताया गया कि कुछ नौकरियां स्थानीय जगहों में कुछ रायपुर में कुछ और अन्य जगहों में हैं। वहां आए सभी तरह के कंपनी और जॉब देने वाले लोगों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा इसी तरह से और भी जॉब के लिए रोजगार मेला किया जाए ताकि पढ़े-लिखे नवयुवकों को रोजगार ढूंढने में आसानी हो, और उनकी योग्यता अनुसार उनको जॉब मिले। इन सब से नवयुवक अपने कनिष्ठों को बता सकें कि रोजगार मेला के कितने फायदे हैं, गांव के बेरोजगार युवक और युवतियां बाहर निकल कर काम करने का अवसर प्राप्त कर सकें।



# दतिया जिले मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित सेरसा पंचायत में भ्रष्टाचार चरम पर



**पुष्पांजलि टुडे**

**दतिया** -जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत सेरसा के अंतर्गत नल जल योजना की सरेआम उड़ाई जा रही धज्जियां पीएचडी विभाग से अनुरोध करूंगा कि इसको अपने संज्ञान में लें इसके अंतर्गत निर्माण हुई टंकी की गुणवत्ता कि सही ढंग से उपयोग ना करने की स्थिति में टंकी की हालत जर्जर हो चुकी है एवं नल जल योजना के अंतर्गत डाली गई पाइप लाइन एवं मोटर बहुत दिनों से खराब पड़ी है इस ओर भी प्रशासनिक अधिकारियों को ध्यान करना चाहिए करो रुपए खर्च होने के बाद घर-घर तक जल पहुंचाने का जो अभियान चलाया गया था उसको पूर्ण रूप से ग्राम पंचायत सेरसा के अंतर्गत पलीता दिया जा रहा है और दबंग लोगों ने अपने घर की मोटर डालकर उस पर कब्जा किया हुआ है पीएचई विभाग एवं दतिया जिले के प्रशासनिक अधिकारियों से अनुरोध है इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाए एवं ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव को अवगत कराया जाए और यह नल जल योजना दोबारा से चालू करवाई जाए

# दूषित पानी पीने को मजबूर ग्रामीण ~ चंद्रपुरा के बाद अब बनगाएं गांव में उल्टी दस्त से 2 मौत गंभीर हालत में 9 मरीजों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**सुनील कुमार अहिरवार**

**टीकमगढ़** जिले के मोहनगढ़ तहसील के बनगाएं गांव में उल्टी दस्त से 12 वर्षीय राज उफ गोकुल अहिरवार और 70 वर्षीय गनु अहिरवार की मौत का मामला सामने आया है। वही गांव में एक दर्जन से ज्यादा लोग बीमारी का शिकार हैं। मोहनगढ़ तहसीलदार ने देर रात 9 गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। तहसीलदार जन्मेजय मिश्रा ने बताया कि बीते 2 दिनों से गांव में लोग उल्टी दस्त से पीड़ित हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय डॉक्टरों से उपचार कराया। इसी दौरान बुधवार को गोकुल अहिरवार और गनु अहिरवार की मौत हो गई।

जैसे ही जानकारी लगी तो तुरंत स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचे??। निरीक्षण में पता चला कि गांव में एक दर्जन से ज्यादा लोग उल्टी दस्त की समस्या से पीड़ित हैं। इसके बाद गंभीर मरीजों को 108 की मदद से देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं शेष बीमार मरीजों का गांव में ही इलाज जारी है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में ग्रामीणों ने कुएं से पानी पीने की बात कही है। फिलहाल कुएं में पानी की शुद्धि के लिए दवा डाल दी गई है। इसके अलावा गांव के सभी जल स्त्रोतों में दवा डालने के निर्देश दिए गए हैं।

**ग्रामीण इलाकों में शुद्ध पानी की समस्या द्ध** दरअसल ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है। जिला प्रशासन गांव गांव में नल जल योजनाएं शुरू करने का दावा कर रहा है लेकिन ज्यादातर गांव में योजनाएं बंद पड़ी हैं। वनगाएं गांव के लोगों ने भी नल जल योजनाएं बंद होने की बात कही है।

**चंद्रपुरा में हुई थी 3 की मौत द्ध** इसके पहले जिले के जतारा ब्लॉक के चंद्रपुरा गांव में उल्टी दस्त से 3 लोगों की मौत हुई थी। इसके अलावा दो दर्जन से ज्यादा लोग बीमार हुए थे। बावजूद इसके प्रशासन ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पीने के पानी का इंतजाम करने में नाकाम नजर आ रहा हैं। ज्यादातर गांव में लोग दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हैं।



# सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ डीबी कुम्भार ने विद्यार्थियों किया मार्गदर्शन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे**

**बालाघाट** स्कूली छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु मार्गदर्शन देने व आने वाले कल को सुनहरा बनाने शासकीय हाईस्कूल सावरी खुर्द में 25 अगस्त को सहायक कमांडेंट द्वारा विद्यार्थियों को?? मार्गदर्शित किया गया। केन्द्रीय रिजर्व बल 123 बटालियन के सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ श्रीमान डीबी कुम्भार ने विद्यार्थियों को प्राथमिक और उच्च शिक्षा के विषयों का चुनाव कर भविष्य की %दिशा% तय करने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इस दौरान कक्षा नवमी व दसवीं के विद्यार्थी उपस्थिति रहे। बता दें कि आप कहीं से लौट रहे थे, तभी स्कूली बच्चों से मिलने का मन किया और बच्चों से मुलाकात कर ली।? उन्होंने विद्यार्थियों से मिलकर खुशी जाहिर की। श्री कुम्भार से छात्र - छात्राओं के द्वारा अपने आगे के अध्ययन व कैसे अपना भविष्य बनाये क्या कर अपना केरियर बनाए उससे जुड़े सवालों का जवाब दिया। इस? दौरान प्राचार्य सी. एल. विजयवंशी, टीसी पांचे, एम के मड़ामे, बी आर कोठारे, एस. एन. दहीकर, मुलचंद घोरमारे व श्रीमती ललिता धारणे के अलावा अन्य शाला परिवार उपस्थित रहा।



### मार्गदर्शन, लगन व परिश्रम जरूरी - डीबी कुम्भार सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ

श्री कुम्भार ने चर्चा के दौरान विद्यार्थियों से कहा कि भविष्य की योजना बनाकर विषयों का स्वयं चयन करना चाहिए। शिक्षा में कठिन परिश्रम करें और सबको साथ लेकर चलें। संसाधनों के अभाव में भी बेहतर करने की जिद रखें। आप पढ़ाई कर रहे हैं तो लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करें। आपने कहां कि यही उम्र है आधार तैयार करने का जिसका आधार अच्छा हो वह कभी धराशाही नहीं हो सकता। जब आप अपना लक्ष्य बनाकर विषयों का चयन करेंगे तभी उच्च शिक्षा की पढ़ाई में आगे बढ़ेंगे। अपने माता - पिता की सेवा करें, सच बोलें, खूब पढ़ें और आपके अंदर देश भक्ति की भावना भरी हो, इन सभी विषयों का बच्चों में पूरी तरह चेतना का संचार होना चाहिए। आपने पढ़ाई के तरीके, मोबाइल और गैजेट्स के फायदे-नुकसान, खेलकूद, कैरियर के विविध क्षेत्र, कैरियर चयन के मापदंड कैसे बनाए, नई दुनिया-नए अवसर, खुद को पहचानने, अन्य गतिविधियों पर जानकारी दी।



# जैन मिलन महिला के द्वारा किए गए अगस्त माह के कार्यक्रम

**रामस्वरूप रजक पुष्पांजली टुडे**

**भारतीय** जैन मिलन क्षेत्रीय चेयरमैन सरिता जैन ने बताया की भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्रमांक 2 के निर्देश अनुसार अगस्त माह में 13 अगस्त से15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान, पौधरोपण, टिफिन पार्टी और मासिक मीटिंग का आयोजन 13अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान, विधासागर सर्वोदय पाठशाला के बच्चों को और वृध्दाआश्रम में मिष्ठान वितरण और जैन मिलन महिला को तिरंगा वितरण किया (2)पौधरोपण किया



### (3) टिफिन पार्टी

आज टिफिन पार्टी के अंतर्गत जैन महिला मिलन मुरैना ने चंबल कॉलोनी के पार्क मे जाकर सर्व प्रथम पौधरोपण किया। सभी ने मिलकर स्कूल के कुछ खेल भी खेले जैसे- वालीबॉल, पोषम्पा इत्यादि। उसके बाद सभी बहने अपने अपने घर से स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर लाई जिसको सबने मिल बाँट कर खाया और खूब मजे किये। स्कूल टाइम में मां के हाथ का टिफिन लेकर जाया करते थे आज हम सभी सदस्यों ने खुद अपना टिफिन बनाकर लेकर आऐ। दही बड़े,पानी की टिक्की केले बड़े, पूडी छोले, आलू पूडी, मगोडे, सूजी का हलवा, फ्राइ इडली, समोसे, इमरती, चाय सभी ने स्वादिष्ट व्यंजनों का मजा लिया। सभी सदस्यों ने कहाँ आगे भी हम इस तरह के आयोजन करते रहेंगे और अपनी एकता का परिचय देते रहेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय चेयरमैन सरिता जैन, अध्यक्ष बबिता जैन, सचिव राखी जैन, कोध्ययक्ष शीतल जैन,शिल्पी जैन, दीपा जैन, श्वेता जैन, कल्पना जैन,बबिता जैन, जुली जैन, पारुल जैन और छोटे बच्चे भी मम्मीयों के साथ टिफिन पार्टी में उपस्थित रहें।

# सीएम राइज प्रभारी प्राचार्य पी डी मिश्रा द्वारा कैमरे के सामने जांच दल से अभद्रता,नही दिए जांच दल के सवालों के जवाब






**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजलि टुडे**

जितनी सुर्खियां मुख्यमंत्री को सीएम राइज की घोषणा में नही मिली उससे ज्यादा सुर्खियां इन दिनों गुनौर सीएम राइज के प्रभारी प्राचार्य अपनी कार्यशैली से बटोर रहे है।जातिगत दुर्भावना वस अनुसूचित जाति के अतिथि शिक्षकों को ज्वाइन न कराने,मीडिया से अभद्रता जैसे मामले में एक ओर जहां मुख्य कार्यपालन अधिकारी बालागुरू द्वारा जांच टीम गठित की गई थी जिसमे पन्ना और गुनौर के विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को जांच का जिम्मा सौंपा गया था ।जांच दल के अधिकारियों द्वारा जांच प्रतिवेदन प्रतुस्त करने के पूर्व प्राचार्य का पक्ष रखने हेतु कुछ प्रश्नों का एक पत्र 2 दिवस पूर्व दिया गया था जिस पर जवाब के लिए 2 दिन का वक्त देने के बाद भी आज जब जांच दल विद्यालय पहुंचा तो प्रभारी प्राचार्य पी डी मिश्रा जांच दल के अधिकारियों से ही अभद्रता पर उतर आए उन्होंने न तो प्रश्नों के जवाब प्रस्तुत किए उल्टा जांच दल के अधिकारियों को मीडिया के सामने ही अपमानित करते हुए जांच के तरीके सिखाते दिखे। प्रभारी प्राचार्य के इस रवैए से छुब्ध जांच दल के अधिकारी द्वारा जवाब न प्रस्तुत करने संबंधी कागजों में पावती लेकर प्रभारी प्राचार्य के रवैए का कड़े शब्दों में विरोध करते दिखे ।

वही जांच दल द्वारा बुलाए गए शिकायत कर्ताओं से उनके पक्ष संबंधी जवाब लिए गए जिसमे उन्होंने साफ तौर पर जातिसूचक शब्दों के प्रयोग और भेदभाव के आरोप संबंधी बात फिर से लिख कर कार्यवाही की मांग की है।

जिस मामले की जानकारी संभाग के अधिकारी सहित शिक्षा मंत्री तक हो और जिसमे स्वयं मुख्य कार्यपालन अधिकारी संज्ञान ले रहे हो ऐसे मामले में प्रभारी प्राचार्य द्वारा इस तरह से अमर्यादित व्यवहार करना कही न कहीं जिला स्तर के अधिकारियों का अपने अधिनस्थों पर कमजोर पकड़ को दर्शाता है।

इस पूरे घटना क्रम की सबसे शर्मनाक बात यह है की बच्चो ने मीडिया के सामने यह बात कबूली की इतिहास विषय का आज तक पीरियड नही लगा है।जबकि अपने आप को जेम्स बॉन्ड समझने पर उतारू प्रभारी द्वारा टाइम टेबल में छेड़ छाड़ करके जांच दल को बरगलाने की नाकाम कोशिश करते दिखे।

## क्या मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस मामले में

कड़ा रुख अपनाते हुए प्रभारी प्राचार्य को तलब कर कार्यवाही करेंगे या मामला यूं ही ठंडे बस्ते मेंचला जायेगा ये तो आने वाला समय ही बताएगा

## इन्होंने क्या कहा

प्रभारी प्राचार्य पी डी मिश्राजी को जांच दल की तरफ से अपना पक्ष रखने के लिए प्रश्नों की सूची 2 दिवस पूर्व ही दे दी गई थी जिस पर उन्होंने कोई जवाब नही दिया साथ ही उनका व्यवहार काफी अमर्यादित था उन्होंने जांच में सहयोग भी नही किया,उनको अपना पक्ष रखने के लिए उनके निवेदन पर 2 दिन का समय और दिया गया है यदि उनका जवाब प्राप्त होता है तो उस आधार पर और जवाब न प्राप्त होने की स्थिति में एक पक्षीय कार्यवाही कर जांच प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत कर दिया जाएगा

**एस बी मिश्रा**
**विकाश खंड शिक्षा अधिकारी पन्ना**
**(जांच दल सदस्य)**


आज जांच टीम ने हम शिकायत कर्ताओं को अपना जवाब देने के लिए बुलाया था पर आज भी प्रभारी प्राचार्य ने हम लोगों को ज्वाइन कराने से मना कर दिया और साथ ही हमारे और मीडिया के सामने ही जांच दल का अपमान किया,इन्होंने जातिगत भेदभाव किया है जातिसूचक सब्दों का प्रयोग किया है यदि विभागीय स्तर पर हमें न्याय नहीं मिलता है तो मजबूरन हमें थाना और अनुसूचित जाति आयोग में गुहार लगानी पड़ेगी

**दुर्गा अहिरवार**
**वीरेंद्र मेहतर**
**राजीव वर्मा**
**शिकायतकर्ता**

हमारे यहां विषयों के पीरियड नही लगते है इतिहास का पीरियड तो आज तक नही लगा हमारी पढ़ाई प्रभावित हो रही है

**स्नेहा मिश्रा**
**छात्रा**
**सीएम राइज स्कूल गुनौर एम**

## पिछोर थाना पुलिस में महत्वपूर्ण दस्तावेज गिर जाने के कारण शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया पिछोर थाना पुलिस को फरियादी केशव परिहार ने



**राकेश परिहार**

**पिछोर,** पुलिस थाना पिछोर में केशव प्रसाद परिहार ने शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया है जिसमें बताया गया कि केशव प्रसाद के कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज थैले में रखे हुए थे जिसके चलते डाक बगला पिछोर में गिर चुकी है जिसकी शिकायत करने पिछोर थाना पहुंचा और साथ ही थाने में महत्वपूर्ण दस्तावेज गिर जाने का आवेदन पुलिस प्रशासन को प्रस्तुत किया और फरियादी द्वारा बताया गया है की मेरे दस्तावेज किसी व्यक्ति के हाथों लग चुके हैं अगर कोई दस्तावेजों का दुरुपयोग करता है तो मैंने आवेदन थाना पिछोर पुलिस प्रशासन को प्रस्तुत कर दिया है केशव प्रसाद निवासी नगरेला उर्फ मुन्ना परिहार निवासी नगरेला ने आज थाना पिछोर में शिकायती आवेदन प्रस्तुत किया है

## भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ईंटक के ग्वालियर शहर अध्यक्ष बने सतीश कुशवाहा

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**ग्वालियर**-मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिनेश खटीख जी के द्वारा श्रीमान सतीश कुशवाह पुत्र श्री कल्लूराम कुशवाह भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) को म.प्र. जिला ग्वालियर शहर अध्यक्ष पद पर मनोनित किया जाता है। हमारा अटूट विश्वास है कि आप भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) द्वारा बनाये गये संविधान का पूरी तरह संरक्षण करेगे। भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के प्रचार के साथ संविधान का अनुपालन श्रमिको के कल्याण के लिये अपना प्रयास जारी रखेंगे आपके स्वर्णिम भविष्य के शुभ कामनायें।

# बिजली विभाग ने नाइट चैकिंग के दौरान की एक लाख की बसूली



**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह-** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कम्पनी लिमिटेड दबोह के जूनियर इंजीनियर अशोक डाबर के द्वारा लहार उपमहाप्रबन्धक के मार्गदर्शन में दबोह बिजली विभाग की टीम के साथ बुधवार की रात को चैकिंग अभियान चलाया गया।इस दौरान मौजूद लहार उपमहाप्रबन्धक हरीश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारी टीम के द्वारा रात में नगर में चैंकिंग की गई इस दौरान हमारी टीम के द्वारा लगभग 35 कनेक्शन काटकर 12 व्यक्तियों से एक लाख से ज्यादा रुपये जमा कराए गए।यह चैंकिंग हमारी टीम के द्वारा निरन्तर चलती रहेगी जिसके अंर्तगत हम कभी दिन में तो कभी रात में चैकिंग करते रहेंगे।वहीं मीडिया के माध्यम से उन्होंने बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुऐ कहा कि यदि आपका बिल बकाया है तो उसे जमा कराए और कनेक्शन कटवाने से बचे वही विधुत बिल को लेकर आपकी कोई समस्या है तो आपको बार-बार विधुत सबस्टेशन के चक्कर काटने की जरूरत नही है।उसका समाधान कराने के लिए हमारी हेल्पलाइन नम्बर 1912 पर कम्प्लेन करे और समस्या का समाधान करा कर बिल जमा कराए।इस दौरान प्रेम सिंह कुशवाह,उमेश दौहरे,बीरेंद्र शर्मा,आरिफ खान,आशिफ खान,दीपू कौरव,वासू कोठारी,संजीव उदैनिया,अवधेश गौर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## नगर परिषद रन्नौद मैं आज गली में कीचड और मालवा

### कोशलेश शर्मा समाज सेवी विपिन शर्मा जिला कार्य



**संवाददाता हरिओम परिहार**

**रंन्नोद।** समिति बीजेपी इस रोड का नाम है रन्नौद पिछोर रोड़ से मढ के बाग बाला रास्तायह रास्ता है नगरपरिषद रन्नौद में को वार्ड क्रमांक आठ में आता है इस रास्ते से होकर लगभग तीस से चालीस परिवार निकलते है और इसी रास्ते से इन परिवारों के बच्चे स्कूल पड़ने आते है इसी रास्ते से लोग बाजार से रोज मर्रा की जरूरत का सामान लेने आते है इसी रास्ते से फसल बेचने जाते है और कुछ दिन पूर्व ही इसी रास्ते के उधर रहने वाले सुरेश कुशवाह की पत्नी की मौत सर्प के काटने से हुई है अगर रास्ता सही होता तो सायद सुरेश कुशवाह की पत्नी को सही समय पर हॉस्पिटल तक लाया जा सकता था और उसकी मौत न होती काफी समय से इस रास्ते को बनवाने के लिए प्रयास किए गए लेकिन कोई नजीजा सामने नहीं आया कुछ महीनो पहले नगर परिषद् रन्नौद के संज्ञान मै भी बात को रखा गया है और आज फिर से सोशल मीडिया के माध्यम से बात रखने का प्रयास कर रहा हूं ऐसे जितने भी रास्ते नगर परिषद् रन्नौद के अंतर्गत जितने भी ऐसे रास्ते हो उनको पहली प्राथमिकता मै रखकर रोड का निर्माण कराया जाए जिससे की आम जन को समस्या का स्थाई समाधान हो सके

## महेंद्र मुणोत को किया सम्मानित



**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलुरू** ~ गुरूवार 25 अगस्त के. एल .ई .महाविद्यालय राजाजीनगर वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय सांस्कृतिक उत्सव युग उत्सव 2022 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत को शिक्षक गण एवं विद्यार्थीयों ने शॉल ओंढाकर सम्मानित किया गया । महेंद्र मुणोत ने सभी शिक्षक गण व उपस्थित पदाकारियों को धन्यवाद दिया

## प्रदेश अध्यक्ष सीएल सैनी न किया डिग्गी कल्याण पदयात्रा को रवाना

आज श्री जी सेवा समिति गंगापुर सिटी के तत्वावधान में श्री कल्याण जी महाराज की सोलहवीं पदयात्रा को राजस्थान प्रदेश माली (सैनी) महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष एवं सैनी (माली) समाज स. मा. जिला अध्यक्ष श्री सी एल सैनी द्वारा सैनी धर्मशाला सूरसागर गंगापुर सिटी से रवाना किया...इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री मानसिंह गूर्जर, नगर षरिषद सभापति श्री शिवरतन अग्रवाल, पूर्व सभापति श्री हरिप्रसाद वोहरा,श्री सीताराम गुप्ता एडवोकेट, समिति अध्यक्ष श्री कल्लूराम सैनी तथा समिति पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्यों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहेयातायात जागरुकता सप्ताह के चलते शिवपुरी पुलिस द्वारा शासकीय स्कूलों एवं आमजन को यातायात नियमों के पालन करने के लिये जागरुक किया गया ।

## पुलिस अधीक्षक ने चौथे दिन चलाया यातायात सप्ताह

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

यातायात सप्ताह के चौथे दिन पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के मार्गदर्शन मे शिवपुरी पुलिस द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में जाकर यातायात शिक्षा संबंधी जानकारी दी गई । यातायात थाना द्वारा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आदर्श नगर में जाकर बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई एवं उन्हें पालन करने के लिए भी कहा गया। खास बात यह रही कि उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में शिवपुरी जिले के सभी शिक्षक आए हुए थे। उनके साथ यातायात शिक्षा पर चर्चा हुई जिसमें यातायात प्रभारी श्री रणवीर सिंह यादव द्वारा बताया गया कि अगर शिक्षक बच्चों को यातायात शिक्षा की जानकारी दें तो यह एक अच्छा विकल्प हो सकता है। क्योंकि बच्चे शिक्षकों की बात बहुत अच्छे से सुनते हैं एवं मानते भी हैं। यातायात प्रभारी द्वारा बताया गया कि पहले शिक्षक यातायात नियमों का पालन करें और बच्चों से भी करवाएं। सभी शिक्षकों ने आश्वस्त किया कि वे अपने अपने स्कूल में जाकर बच्चों को यातायात शिक्षा का महत्व समझाएंगे एवं पालन भी कराएंगे। जिससे यातायात शिक्षा का प्रचार प्रसार बहुत अच्छे से हो पाएगा। इस दौरान उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य श्री विवेक श्रीवास्तव एवं उनकी टीम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य श्री मती अनीता खंडेलवाल ,सूबेदार अरुण जादौन ,सूबेदार नीतू अवस्थी,सूबेदार प्रियंका घोष एवं थाना यातायात का स्टाफ मौजूद था। इसी क्रम मे थाना मायापुर ने ग्राम राजापुर बूदौन मे शासकीय स्कूल मे यातायात नियमों के पालन की जानकारी क्षात्रों एवं शिक्षकों को दी । थाना सतनबाडा द्वारा शासकीय स्कूल मे यातायात नियमों के लिये लोगों को जागरुक किया । थाना सीहोर द्वारा भी शासकीय हाई स्कूल छितरी मे जाकर स्कूल के स्टॉफ, क्षात्र क्षात्राओं एवं ग्रामीणों को यातायात नियमों की जानकारी दी एवं जागरुक किया । इसी क्रम मे थाना बैराड़, छर्च, सिरसौद, गोवर्धन मे भी शासकीय स्कूलों मे जाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया गया ।

# कलेक्टर ने रखी जल स्वच्छता मिशन की बैठक ~ सप्ताह भर में डायरिया से 5 की मौत से सकते में प्रशासन नल जल योजनाओं से पानी पहुंचाने के दिए निर्देश

**पुष्पांजलि टुडे की रिपोर्ट**
**टीकमगढ़ सुनील कुमार अहिरवार**

जिले में दूषित पानी पीने से डायरिया और हैजा जैसी बीमारियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए आज शाम 4~30 बजे कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में जल व स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिले के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने पर विचार विमर्श किया गया। दरअसल जिले में बीते 1 सप्ताह के दौरान 2 गांव में डायरिया से 5 लोगों की मौत हो गई हैं। करीब 3 दिन पहले जतारा ब्लॉक के चंद्रपुरा में उल्टी दस्त से तीन लोगों की मौत हो गई थी। साथ ही दो दर्जन से ज्यादा लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए थे। इसके बाद बुधवार को मोहनगढ़ तहसील के बनगाएं गांव में डायरिया से दो लोगों की मौत हो गई । बकि एक दर्जन से ज्यादा लोग जिला अस्पताल में भर्ती हैं। दोनों घटनाओं में बीमारी का मुख्य कारण दूषित पानी रहा। इसके अलावा जिले में ग्राम पंचायत अब भी ऐसी हैं जहां ग्रामीणों को पीने का स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है। ज्यादातर लोग कुएं और हैंडपंप का पानी पीने को मजबूर है। बारिश के मौसम में कुआं और हैंडपंपों से दूषित पानी निकलने लगता है। समय रहते पीएचई विभाग के कर्मचारी पानी की शुद्धिकरण के लिए प्रयास नहीं करते हैं। जिसके चलते हर साल ग्रामीण इलाकों में दूषित पानी पीने से लोग बीमार पड़ जाते हैं।

## नल जल योजना शुरू कराने के निर्देश

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला जल व स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक के दौरान टीकमगढ़ विधायक राकेश गिरी गोस्वामी जतारा विधायक हरिशंकर खटीक खरगापुर विधायक राहुल सिंह लोधी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। बैठक में जिले में शेष बचे गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नवीन नल जल योजनाओं के डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पीएचई विभाग के अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्र के जल स्त्रोतों में बड़े पैमाने पर जल शुद्धिकरण के लिए अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एसके मालवीय पीएचई विभाग के ईई एसपी सिंह सिंचाई विभाग के ईई आरएन यादव मौजूद रहे।

## प्रतिभा सम्मान समारोह वृक्षारोपण एवं पुस्तक वितरण कार्यक्रम

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे अरूण खंगार पोहरी 7024485133**

जनकरी केअनुसार पोहरी मंडल में सीएम राइज स्कूल पोहरी में राज्य मंत्री सुरेश धाकड़ जी ने वृक्षारोपण एवं बच्चों को पुस्तक वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे जिसमें उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष आशुतोष जैमिनी जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामकली आदिवासी जी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती रश्मि धाकड़ जी संजीव शर्मा जी संस्था के प्राचार्य एमके शर्मा जी पत्रकार साथी गणमान्य नागरिक छात्र छात्राएं उपस्थित रहे

# अंतर्राष्ट्रीय ग्वालियर साहित्य उत्सव का शुभारम्भ 27 को सिंधिया करेंगे

### राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ती अरूण कुमार मिश्रा होंगे समापन समारोह के मुख्य अतिथि

### उद्भव, सेन्ट्रल अकेडमी स्कूल एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के सयुक्त आयोजन




ग्वालियर। उद्भव सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्थान के प्रकल्प उद्भव साहित्यिक मंच, सेन्ट्रल अकेडमी स्कूल एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के संयुक्त आयोजन ''अन्तर्राष्ट्रीय ग्वालियर साहित्य उत्सव'' का शुभारम्भ 27 अगस्त अपरान्ह 12.30 बजे केन्द्रीय नागर विमानन एवं इस्पात मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न होगा । समापन सत्र 30 अगस्त अपरान्ह 2 बजे से होगा जिसमें अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग, भारत सरकार, न्यायमूर्ती श्री अरूण कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे । विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बलवन्त शांतीलाल जानी (कुलाधिपति डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय वि.वि. सागर) एवं डॉ. परीन सोमानी (इंग्लैड) एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराडकर शामिल होंगे ।

कार्यक्रम के सम्बन्ध में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उद्भव के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय एवं कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक श्रीधर पराडकर ने बताया कि शुभारम्भ के उपरान्त अपरान्ह 1.30 बजे से ''अन्तराष्ट्रीय ग्वालियर साहित्य उत्सव'' का प्रथम सत्र होगा जिसमें ''ग्वालियर-चम्बल अंचल का साहित्यिक अवदान'' विषय पर प्रो. गोविन्द शर्मा, डॉ. सुरेश सम्राट, डॉ. दिनेश पाठक डॉ. मन्दाकिनी शर्मा एवं डॉ. आशा वर्मा अपने विचार रखेंगे।

### मूर्धन्य साहित्यकारों का होगा सम्मान

सत्र के उपरान्त सांस्कृतिक आयोजन होंगे। इस अवसर पर सेन्ट्रल अकेडमी के निदेशक विनय झालानी एवं कार्यक्रम संयोजक सुरेन्द्रपाल सिंह कुशवाह ने बताया कि साहित्य के इस महाकुम्भ में विशिष्ट साहित्यिक अवदान हेतु ग्वालियर के मूर्धन्य साहित्यकार जगदीश तोमर, महेश कटारे, भगवान स्वरूप चैतन्य, सुरेश नीरव एवं प्रकाश मिश्र को सम्मानित किया जायेगा । फिल्म एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में ग्वालियर का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर रौशन करने हेतु श्री पीयूष मिश्रा प्रसिद्ध बालीवुड एक्टर, निदेशक को भी इस अवसर पर सम्मानित किया जायेगा । कार्यक्रम में समस्त साहित्य अनुरागी सादर आमंत्रित हैं।

### ये रहे मौजूद

आज की पत्रकार वार्ता में डॉ. केशव पाण्डेय, दीपक तोमर, विनय झालानी, सुरेन्द्र पाल सिंह कुशवाह, अरविन्द सिंह जादौन, मनोज अग्रवाल, उपेन्द्र कस्तूरे, धीरज शर्मा, शरद सारस्वती, आलोक द्विवेदी, शरद यादव, शाहिद खान, मनीष मौर्य आदि उपस्थित थे।

## दादी प्रकाशमणि स्मृति दिवस पर प्लास्टिक छोड़ने का लिया संकल्प

ग्वालियर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के 15 वे स्मृति दिवस को विश्व बंधुत्व दिवस के रुप में मनाया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप में गिर्राज दानी (पर्यावरण प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ग्वालियर), दीपक सचेती (संयोजक पर्यावरण सचेतक समिति ग्वालियर), ब्रह्माकुमारीज संस्थान से बी.के. आदर्श दीदी ,बी.के.प्रह्लाद भाई उपस्थित रहे। सर्व प्रथम सभी ने दादी जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए । ततपश्चात बी.के प्रहलाद भाई ने दादी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग नहीं करने और एक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलाया।उनके द्वारा पूरे विश्व मे किये गए कार्यो को बताया साथ ही विश्व मे शांति का संदेश देकर सभी को एकता के सूत्र में बांधा वह भी बताया।

### 10 लाख पौधे लगाए जा चुके है

इस अवसर पर गिर्राज दानी ने कहा कि दादी प्रकाशमणि जी का जैसा नाम था वैसा ही उनका कार्य पूरे विश्व मे ध्यात्मिकता का प्रकाश फैलाया। साथ ही दादी जी पर्यावरण के लिए भी समर्पित थी । आज उन्ही के कार्य को आगे बढ़ाते हुए ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा जो ÷कल्पतरू÷ अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत अभी तक लगभग 10 लाख पौधे लगाए जा चुके है। इसके साथ ही उन्होंने पॉलीथीन के उपयोग से हो रहे नुकसान के बारे में भी सभी को बताया और कहा कि हम अपने दैनिक जीवन में प्लास्टिक थैली का उपयोग नही करें और दूसरों को भी उपयोग न करने के लिए प्रेरित करें।

# दरिंदगी करने वाला टीआई अरेस्ट

## नौकरी का झांसा देकर युवक को बनाया था शिकार, भागने की फिराक में था

*ग्वालियर। ग्वालियर में युवक के साथ सेक्स के मामले में फरार लोकायुक्त के कार्यवाहक इंस्पेक्टर सुरेंद्र यादव को पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी एक युवक को नौकरी लगवाने का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। यही नहीं, आरोपी लगातार 9 महीने तक उसके साथ दरिंदगी करता रहा। इसके बाद पीड़ित युवक ने विश्वविद्यालय थाना में मामला दर्ज कराया था। पुलिस लगातार उसकी तलाश कर रही थी।*

### यह है मामला



ग्वालियर शहर के नाका चंद्रवदनी निवासी 32 वर्षीय युवक ने शिकायत की थी कि जुलाई 2021 में उसकी पहचान ग्वालियर लोकायुक्त में बतौर कार्यवाहक ञ्ञ्ढ सुरेंद्र यादव से हुई थी। 5 जुलाई 2021 को आरोपी गाड़ी लेकर कमल के पास पहुंचा। गाड़ी में बैठाकर सिटी सेंटर स्थित होटल में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवक के साथ अननेचुरल सेक्स किया। 9 महीने से नौकरी के नाम पर वह गंदी हरकत कर रहा था। कभी होटल तो कभी रूम में बुलाता था आरोपी सुरेन्द्र यादव एक साल पहले ही ग्वालियर लोकायुक्त में आया था। इससे पहले वह तिघरा में पदस्थ था।युवक की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के घर बहोड़ापुर में दबिश दी थी लेकिन आरोपी फरार हो गया था जिसके बाद पुलिस ने आखिरकार उसे सचिन तेंदुलकर मार्क से दबोचने में सफलता प्राप्त की है।

### न्यायालय में पेश किया

विश्वविद्यालय थाने के सीएसपी रत्नेश तोमर का कहना है कि लोकायुक्त टीआई को सूचना पर सिटी सेंटर इलाके के सचिन तेंदुलकर मार्ग से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। यहां से उसे जेल भेज दिया है।

## व्यापारी अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक हो: डॉ.डालमियां

### राकेश झुनझुन वाला ने बहुत निवेश किया लेकिन स्वास्थ के प्रति निवेश नहीं कर पाये



ग्वालियर। प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.रविशंकर डालमियां ने कहा है कि व्यापारी ओर उनके परिवारजन अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहे। क्योंकि यदि हमारा स्वास्थ्य ठीक है तो हम समाज के सभी कार्यो में अग्रणी रहकर कार्य कर सकेगे। 35 वर्ष की आयु के बाद हमें नियमित चेकअप कराना चाहिये और कोशिश करें कि व्यायाम, घूमना, अत्यादि को नियमित करें। सुगर, ब्लड प्रेशर की दवाईयां नियमित लेना चाहिये। सुगर के मरीज को हृदय रोग की संभावना अधिक होती है। इसलिये वे अपने खान पान पर ध्यान दे और नियमित दवाई लेते रहे। यह बात कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं जीवायएमसी के निःशुल्क हृदय जांच परीक्षण शिविर में उन्होंने कही।

कैट एव जीवायएमसी क्लब ने व्यापारी और उनके परिजनों के लिये प्रतिमाह निशुल्क हृदय जांच शिविर लगाये जाने का निर्णय लिया है वे आज इसे सम्बोधित कर रहे थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कैट मध्यप्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं अग्रवाल महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अशोक गोयल ने कहा कि राकेश झुनझुन वाला ने बहुत निवेश किया लेकिन उन्होने कहा कि वे अपने स्वास्थ के प्रति निवेश नहीं कर सके जिसका मुझे अफसोस है। उन्होने सभी से अपने स्वास्थ के प्रति जागरूक रहने का अनुरोध किया।

## अन्तर्यात्री महापुरुष फिल्म का हुआ समापन

### दो हजार से ज्यादा लोगों ने देखी

### ऊर्जा मंत्री ने जमीन पर बैठकर देखी फिल्म




ग्वालियर। शिरोमणि आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म 'अंतर यात्री महापुरुष' दा वाकिंग गाड का 19 से 25 तक ग्वालियर नई सड़क स्थित कैलाश सिनेप्लेक्स में दिखाया गया। आज गुरुवार को इस फिल्म का समापन व सम्मान समारोह मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के अतिथ्थ में आचार्यश्री प्रसन्न सागर अंतर्मना गुरुभक्त परिवार व आचार्यश्री विद्यासागर भक्त परिवार ग्वालियर के तत्वावधान में किया गया। सात दिवसीय फिल्म में दो हजार लोगो ने देखी। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि अन्तर्यात्री महापुरुष दा वाकिग फिल्म का सपमान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ऊर्जामंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, विशिष्ट अतिथि चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र गंगवाल एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के मानवसेवी सचिव डॉ प्रवीण अग्रवाल ने आचार्यश्री विद्या सागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ व्ही.के.डी जैन ने आचार्यश्री विद्या सागर महाराज का जीवन परिचय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह जी तोमर का सम्मान माला दुपट्टा एवं शॉल ओढ़कर सम्मान अंतर्मना गुरुभक्त परिवार के डॉ व्ही, के, डी जैन, अजित कासलीवाल, मयंक पांड्या, प्रियांक सोनी (चुन्नू), राजेश पाटौदी, अनिल पाटौदी, रतन अजमेरा ने सम्मानित किया। इस मौके पर विकास गंगवाल, राजेन्द्र जैन, प्रवीण गंगवाल, पुरुषोत्तम जैन, बालचंद्र जैन, विनय कासलीवाल, आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### ज्वेलरी शॉप में लगी आग

**2.60 लाख नगद सहित 15 लाख का नुकसान**

**फायर ब्रिगेड की दो गाड़ी ने आग पर पाया काबू, शॉर्ट सर्किट से लगी आग**

ग्वालियर। ग्वालियर में एक सोने चांदी की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई देखते देखते आग की लपटों में ऑफिस में रखे नगदी फर्नीचर एसी कूलर सहित लाखों का माल जलकर राख हो गए। वही आग में दुकान के नीचे रखी कुछ गाड़ियां भी आगे की लपटें गिरने जल गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने पानी डालकर आग पर काबू पा लिया फिलहाल इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई है आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है।

**यह है पूरा मामला:** ग्वालियर के महाराज बाड़ा के सर्राफा बाजार में राधा-कृष्ण मार्केट में स्थित आशीष मित्तल की समृद्धि ज्वेलर्स नाम की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई चंद सेकंड में ही आग की लपटों ने दुकान में रखे 2 लाख 60 हजार रुपए नगद, फर्नीचर एसी ,कूलर सहित करीब 15 लाख रुपए का माल जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि दुकान के नीचे खड़ी कुछ गाड़ियां भी क्षतिग्रस्त हो गई वही आग की सूचना लगते ही प्राइवेट की एक गाड़ी मौके पर जा पहुंची लेकिन आग बड़ी थी इसलिए फायर ब्रिगेड की दूसरी गाड़ी की मदद से आग पर काबू पा लिया गया फिलहाल इस आग में कोई जनहानि नहीं हुई है आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। बता दें कि जिस सोने चांदी की दुकान में आग लगी है उसी के ऊपरी मंजिल पर सर्राफा बाजार के सोने चांदी के व्यवसाय संघ का ऑफिस है पता चला है कि आज सुबह व्यापारियों की इसी ऑफिस में मीटिंग हुई थी। गनीमत रही कि यह मीटिंग सुबह ही हो चुकी थी अगर यह मीटिंग आग के समय होती तो एक बड़ा हादसा भी हो सकता था। सोना चांदी व्यापारी संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम जैन का कहना है कि आज अचानक हमारे सोने चांदी के व्यापारी आशीष मित्तल की दुकान में अचानक भीषण आग लग गई आग में करीब 15 लाख रुपय का माल जलकर राख हो गया है। आग शॉर्ट सर्किट के चलते लगी है।फायर ब्रिगेड अधिकारी विवेक दीक्षित ने बताया कि फोन पर सोने चांदी की दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी सूचना मिलने पर एक गाड़ी पहुंचाई गई थी। लेकिन आग बड़ी थी इसलिए दूसरी गाड़ी की मांग की गई थी दूसरी गाड़ी मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया है। फिलहाल आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग शार्ट सर्किट के चलते लगी है।

### ऊर्जा मंत्री तोमर आज करेंगे विकास कार्यों की समीक्षा

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर 26 अगस्त को नगर निगम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर विकास कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस दिन यह बैठक दोपहर एक बजे यहाँ बाल भवन के सभागार में आयोजित होगी। बैठक में ऊर्जा मंत्री श्री तोमर द्वारा सीवर व पेयजल लाईन निर्माणाधीन सड़कों एवं अन्य विकास कार्यों की स्थिति, लोक निर्माण विभाग के विकास कार्य, उपनगर ग्वालियर में स्मार्ट सिटी योजना के तहत प्रस्तावित सड़कों की अद्यतन स्थिति, किशनबाग में प्रस्तावित 30 बिस्तरीय अस्पताल व उपनगर ग्वालियर में प्रस्तावित संजीवनी क्लीनिकों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की जायेगी। साथ ही सिविल अस्पताल ग्वालियर में स्वीकृत कार्य और सीएम राईज स्कूल के भवन निर्माण व शैक्षणिक गतिविधियों की प्रगति की अद्यतन स्थिति, विभिन्न विभागों द्वारा स्वीकृत निविदाओं के अनुसार हो रहे कार्य, कार्य शुरू होने में आ रहीं कठिनाईयाँ इत्यादि विषयों की समीक्षा भी होगी।

### केआरजी कॉलेज में विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन 27 को

ग्वालियर। शासकीय कमलाराजा कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में विश्व बैंक परियोजना के तहत नवीन अकादमिक भवन निर्माण व उन्नयनीकरण कार्य का भूमिपूजन एवं सीआईएफ का लोकार्पण 27 अगस्त को होगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष आशुतोष तिवारी करेंगे।कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को अति विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर सांसद विवेक नारायण शेजवलकर व क्षेत्रीय विधायक प्रवीण पाठक को कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया है।

# ग्वालियर पुलिस ने "सायबर क्राईम अवेयरनेस" विषय पर किया सेमीनार का आयोजन

### मॉर्निंग स्टार स्कूल ग्वालियर के छात्र-छात्राओं को "कौन बनेगा करोड़पति" के नाम पर होने वाले फॉड से बचाव की दी जानकारी



ग्वालियर। ग्वालियर पुलिस द्वारा *पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री अमित सांघी,भापुसे* के निर्देश पर जिले में *''सायबर काईम अवेयरनेस''* प्रोग्राम चलाया जा रहा है। इसी प्रोग्राम के तहत आज दिनांक को ग्वालियर पुलिस द्वारा *''मोर्निंग स्टार स्कूल''* में एक सेमीनार का आयोजन किया गया। मोर्निंग स्टार स्कूल ग्वालियर में आयोजित सेमीनार में *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डोतिया* मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए तथा मोर्निंग स्टार स्कूल की तरफ से श्री भूपेन्द्र जैन (अध्यक्ष कैट म0प्र0), श्री परमानंद त्यागी (डायरेक्टर), श्रीमती प्रीति त्यागी (चेयरपर्सन), श्रीमती अलका चतुर्वेदी (प्राचार्य) के साथ स्कूल के सभी शिक्षकगण व संस्थान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

मोर्निंग स्टार स्कूल ग्वालियर में आयोजित सेमीनार के प्रारंभ में *अति0 पुलिस अधीक्षक शहर-पूर्व/अपराध श्री राजेश डण्डोतिया* द्वारा सेमीनार में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं स्कूल स?टॉफ को सायबर अपराधों से जुड़ी विभिन्न केस स्टडीज के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होने वर्तमान समय में पुलिस के समक्ष आने वाली सायबर क्राईम संबंधी शिकायतों से साझा किया। उनके द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को *''कौन बनेगा करोड़पति''* के नाम पर ईनामी राशि जीतने संबंधी आने वाले व्हाट्सएप मैसेज एवं ईमेल आदि की विस्तृत जानकारी दी साथ ही उनको इस प्रकार के फॉड से बचाव के तरीकों से भी अवगत कराया गया। उन्होने अपने व्याख्यान के दौरान कहा कि वर्तमान आधुनिक समय में हम सभी को स्मार्ट फोन का उपयोग करते है तथा सभी प्रकार के पेमेंट एवं ऑनलाइन ट्रांजेक?शन भी हम अपने स्मार्ट फोन से ही करते है। यह स्मार्ट फोन आपकी सुविधा के लिये बनाया गया है इसलिये इस का इस्तेमाल सावधानीपूर्वक करें। इस प्रकार आप खुद के सायबर अपराध का शिकार होने से बचा सकते है। हाल ही में देखने में आया है कि सायबर अपराधियों द्वारा अपराध के नए-नए तरीके इजाद किये गये है जिनमें वह लोगों को व्हाट्सएप/ईमेल के माध्यम से फर्जी मैसेज/फोटो/ऑडियो क्लिप आदि भेजकर *''कौन बनेगा करोड़पति''* की ईनामी राशि जीतने का प्रलोभन देते है इस प्रकार के मैसेजों में वाले व्यक्ति को मोबाईल नम्बर पर 25 लाख रूपये की लॉटरी के लिये सिलेक्ट होने की बात बोली जाती है। जिसकी राशि प्राप्त करने के लिये आपसे रजिस्ट्रेशन या अन्य किसी चार्ज के नाम पर आपसे कुछ राशि बैंक खाते में ट्रांसफर करने के लिये कहा जाता है इसके लिये ठगों द्वारा कुछ बैक खातों की जानकरी देकर आपसे उनमे राशि ट्रांसफर करने के लिये कहा जाता है।

### अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान

ग्वालियर। कलेक्टर श्रीमान कौशलेंद्र विक्रम सिंह तथा उपायुक्त आबकारी संभाग ग्वालियर श्रीमान नरेश कुमार चौबे के निर्देशन मे एवं सहायक आबकारी आयुक्त जिला ग्वालियर श्रीमान संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में* तथा आबकारी वृत डबरा प्रभारी श्री सुरेन्द्र सिंह राठौर, एसडीओपी डबरा श्री विवेक सिंह जी एवम आंतरी थाना प्रभारी रमाकांत उपाध्याय जी एवम कंट्रोल रूम आबकारी श्री मनीष द्विवेदी के सहयोग से आमीन खान आबकारी उप निरीक्षक के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना के आधार वृत डबरा में खेरी डबरिया , चक खेरी,5 नंबर दफाई एवम 8 नंबर दफई पुलिस एवम आबकारी की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की गई जिसमें कुल 110 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवम 1200 ऋद्द गुड लाहन,48 पाव देशी मदिरा प्लेन के जप्त किया गया जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग ?85000 आंकी गई है



## पुरुषार्थ के साथ धर्म आराधना करें, तभी पुण्य बढ़ेगा: मुनिश्री

### भक्तामर विधान में 48 ऋद्धि सिद्धि महाकाव्यों मंत्रों से श्रद्धालु समर्पित कर रहे है महाअर्घ्य



ग्वालियर। भगवान महावीर स्वामी ने कहा कि जब तक शरीर पीड़ा रहित है तब तक इंसान को धर्म आराधना कर लेना चाहिए। शरीर में बुढ़ापा आने के बाद धर्म आराधना करना संभव नहीं होता है। धर्म मार्ग पर पहुंचने के लिए शक्ति का होना जरुरी होता है। अस्वस्थता और बुढ़ापे के समय धर्म आराधना शक्ति की कमी होने के कारण नहीं हो पाती है। पहला सुख निरोगी काया। समाधि मरण वाले की सद्गति होगी। मानव के हाथों में एक सेकंड का भी समय नहीं है। जो होना है वह होकर रहेगा, होनी को कोई भी टाल नहीं सकता है। निकाचित कर्मों के बंध कभी भी छूटते नहीं हैं। इसे मानव तो क्या तीर्थंकर परमात्मा को भी भोगना पड़ता है। यह बात श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने साधनमय बर्षयोग समिति एवं सहयोगी संस्था पुलक मंच परिवार ग्वालियर तत्वावधान में आज गुरुवार को माधवगंज स्थित चातुर्मास स्थल अशियाना भवन में आयोजित 48 दिवसीय श्री भक्तामर महामंडल विधान में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कही।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णौपुरम्, एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रित करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनूमान मंदिर के पास, भिण्ड रोड, गोले का मंदिर जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474005 से प्रकाशित। संपादक- भरत सिंह चौहान पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार। E-mail : pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, M.: 8269307478